एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अमित कुमार वर्मा आ. विष्णु प्रसाद वर्मा साकिन देवादा के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 982/59 रकबा 0.0150 हे. भूमि श्रीमती भारती नायक ध.प. प्रकाश कुमार नायक से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 23.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

दिल की बहुत ही दुर्लभ बीमारी एब्सटीन एनोमली का मेकाहारा के हार्ट सर्जरी विभाग में सफल ऑपरेशन

प्रदेश में पहली बार हृदय के ऑपरेशन में बोवाइन टिश्यु वाल्व का प्रयोग

संभवतः राज्य के शासकीय एवं निजी संस्थान में पहला सफल ऑपरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने एक बार फिर दुर्लभ एवं अत्यंत जटिल हार्ट सर्जरी करके हार्ट सर्जरी के क्षेत्र में सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विभागाध्यक्ष हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में हार्ट की बहुत ही दुर्लभ बीमारी एब्सटीन एनोमली का ऑपरेशन कर 26 वर्षीय महिला मरीज की जान बचायी गई। यह ऑपरेशन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रदेश में पहली बार हृदय के ऑपरेशन में बोवाइन टिश्यु वाल्व का प्रयोग किया गया। साथ ही इस ऑपरेशन में मरीज को मरीज का ही खून चढ़ाया गया जिसको ऑटोलॉगस ब्लड ट्रांसफ्युजन कहा जाता है। हृदय की इस बीमारी में मरीज सामान्यतः 18 से 20 साल ही जिन्दा रहते हैं और यह दुर्लभ बीमारी 2 लाख में से एक को ही होती है। यह ऑपरेशन छ.ग. में संभवतः किसी भी शासकीय या निजी संस्थान में पहला है। ऑपरेशन के पहले मरीज का ऑक्सीजन सेचुरेशन 70 से 75 प्रतिशत था जो कि ऑपरेशन के बाद 98 प्रतिशत हो गया। मरीज ऑपरेशन के पहले कई बार बेहोश हो चुकी थी परंतु ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्णतः स्वस्थ है और डिस्चार्ज लेकर घर जाने को तैयार है।

क्या है एब्सटीन एनोमली बीमारी

यह हृदय की जन्मजात बीमारी है। जब बच्चा मां के पेट के अंदर होता है उस समय प्रथम 6 हफ्तों में बच्चे के हृदय का विकास होता है। इसी हृदय के विकास में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है। इस बीमारी में मरीज के हृदय का ट्राइकस्पिड वाल्व ठीक से नहीं बन पाता एवं दायां निलय (Right Ventricle) ठीक से विकसित नहीं हो पाता एवं हृदय के उपर वाले चैम्बर में छेद (ASD) रहता है जिसके कारण मरीज के फेफड़े में शुद्ध होने (ऑक्सीजेनेसन) के लिये पर्याप्त मात्रा में खून नहीं जाता जिससे मरीज का शरीर नीला पड़ जाता है। इस बीमारी को क्रिटिकल कॉम्पलेक्स जन्मजात हृदय रोग (critical comple& cyanotic congenital heart disease) कहा जाता है।

यह बीमारी 2 लाख जन्म लिए बच्चों में किसी एक को होता है। 13 प्रतिशत बच्चे जन्म लेते ही मर जाते हैं एवं 18 प्रतिशत बच्चे 10 साल की उम्र तक मर जाते हैं। 20 साल की उम्र तक इस बीमारी से ग्रस्त लगभग सारे मरीज मर जाते हैं।

इस बीमारी में बच्चों के मरने का कारण हार्ट फेल्योर एवं अनियंत्रित धड़कन होता है। इस बीमारी का कारण गर्भावस्था के दौरान मां के द्वारा लिथियम एवं बेंजो डाइजेपाम, जिसका उपयोग मानसिक बीमारियों के उपचार में होता है, का उपयोग हो सकता है। इसके अलावा आनुवंशिक भी एक कारण हो सकता है।

धीरे-धीरे शरीर हो रहा था नीला

यह मरीज 25 साल की है एवं कुछ समय से शरीर नीला पड़ रहा था एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन 70 प्रतिशत के लगभग आ रहा था एवं मरीज कई बार बेहोश हो चुकी थी। यह मरीज कुछ दिन पहले ही एसीआई के कार्डियोलॉजी विभाग में आयी वहां पर विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने इकोकार्डियोग्राफी करके पता लगाया कि इस मरीज को हृदय की बहुत ही दुर्लभ बीमारी एब्सटीन एनोमली है एवं यह बहुत ही गंभीर स्थिति में है। उसके पश्चात इस मरीज को कार्डियक सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू के पास ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया। जब डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज के रिश्तेदारों को बताया कि यह बहुत ही दुर्लभ बीमारी है एवं इस बीमारी में ऑपरेशन की सफलता 10 प्रतिशत से भी कम है। इससे मरीज एवं मरीज के रिश्तेदार घबरा गए लेकिन उनको समझाया गया कि यदि आप ऑपरेशन नहीं करवाते हैं तो मरीज के मरने की 100 प्रतिशत संभावना है। फिर भी मरीज के रिश्तेदार मरीज को अन्य अस्पताल में परामर्श के लिए ले गए। यहां तक कि मुंबई एवं चेन्नई के अस्पतालों से भी ऑपरेशन के लिए परामर्श करने गए। वहां भी उनको यही जवाब मिला। अंत में सभी जगह से वापस आ कर मरीज एवं उनके परिजनों ने एसीआई के हार्ट चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू से ऑपरेशन करवाने की हामी भर दी।

विशेष तकनीक के प्रयोग से किया गया ऑपरेशन

डॉ. कृष्णकांत ने मरीज एवं रिश्तेदारों को बताया कि इस मरीज में हार्ट के ऑपरेशन में बोवाइन टिश्यु वाल्व की आवश्यकता होगी। ऑपरेशन में मरीज को मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से 4.5 लाख रुपये का लाभ मिला जिससे उसके परिवार के ऊपर कोई आर्थिक बोझ नहीं आया। इस मरीज का जो ऑपरेशन हुआ उसको मेडिकल भाषा में एएसडी क्लोजर विद डीवीडी पैच प्लस ट्राईकस्पिड वाल्व रिप्लेसमेंट विद 29 एमएम बोवाइन टिश्यु वाल्व प्लस आरवीओटी (RVOT) ऑब्स्ट्रक्शन रिलीज अंडर सी.पी.बी. (ASD Closure with DVD patch + Tricuspid Valve Replacement with wmm Bovine tissue Valve+ RVOT Obstruction Release Under CPB) कहते हैं।

इस ऑपरेशन की सबसे अहम बात यह है कि इस मरीज को दूसरे व्यक्ति का खून नहीं चढ़ाया गया। बल्कि मरीज के अपने खून को ही ऑपरेशन के दौरान मरीज को लगाया गया। इस विशेष तकनीक को मेडिकल भाषा में ऑटोलॉगस ब्लड ट्रांसफ्युजन कहा जाता है। इसमें मरीज के एक यूनिट खून को 8 दिन पहले निकालकर कर ब्लड बैंक में प्रोसेस के लिए रख लिया जाता है एवं इसी ब्लड को ऑपरेशन के दौरान मरीज को लगाया जाता है। इसके फायदे यह है कि मरीज को संक्रमण का खतरा नहीं होता एवं ब्लड रिएक्शन का खतरा नहीं होता। राज्य में इस विशेष तकनीक का इस प्रकार के ऑपरेशन में पहला प्रयोग है।

इस ऑपरेशन में सफलता के 10 प्रतिशत से भी कम चांस होते हैं एवं ऑपरेशन के बाद मरीज को पेसमेकर लगने के चांस 50 प्रतिशत होता है क्योंकि मरीज को ट्राईकस्पिड वाल्व लगाया जाता है तो उसके धड़कन को नियंत्रित करने वाले सर्किट में डेमैज होने का बहुत अधिक खतरा होता है। यदि हृदय के अंदर की यह सर्किट खराब हो जाती है तो मरीज की धड़कन अत्यंत कम हो जाती है जिसको मेडिकल भाषा में ब्रेडीकार्डिया (bradycardia) कहा जाता है एवं पेसमेकर ही एक मात्र ईलाज होता है। इस ऑपरेशन में इस सर्किट को बचाने के लिए विशेष तकनीक का उपयोग किया गया था। ऑपरेशन के बाद मरीज को बहुत ही सघन आईसीयू की आवश्यकता होती है क्योंकि ऐसे मरीजों की राइट वेंट्रीकल बहुत ही कमजोर होती है। डॉ. तान्या छौड़ा जो कि एसीआई की कार्डियक एनेस्थेटिस्ट है उन्होंने यह काम बखुबी निभाया।

ऑपरेशन में शामिल टीम

हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू (विभागाध्यक्ष हार्ट चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी) के साथ हार्ट सर्जन डॉ. निशांत चंदेल, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. तान्या छौड़ा, नर्सिंग स्टॉफ- राजेन्द्र साहू, चोवा, मुनेश, एनेस्थेसिया टेक्नीशियन - भूपेन्द्र चंद्रा।

न्यूज गैलरी

पीएनबी मंडल कार्यालय द्वारा दो दिवसीय ग्राहक पहुंच अभियान का किया गया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। पंजाब नैशनल बैंक के दो दिवसीय ग्राहक पहुँच अभियानका आयोजन वीण् श्रीनिवास; अंचल प्रमुखए रायपुर के मार्गदर्शन में धमतरी के विभिन्न स्थानों पर किया गया। अभियान के दौरान जितेंद्र स्वाइन; मण्डल प्रमुखए भिलाई अरुण राव; प्रमुख एपीएल पी रैम भिलाई मण्डल कार्यालय टीम एपीएलपी टीम स्थानीय शाखा प्रबन्धक व अधिकारी तथा सीएसी टीम द्वारा समूह में विभिन्न आवासीय सोसायटीए संस्थाए अस्पताल ठेकेदार बिल्डर एवं राईस मिल मालिकों से रिटेल तथा एमएसएमई ऋण लाभग्राहियों की पहचान एवं संस्तुति हेतु संपर्क किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग उत्पाद जैसे की पीएनबी वन मोबाइल बैंकिंग इंटरनेट बैंकिंग क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड और सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे पीपीएफ सुकन्या समृद्धि एपीवाय एपीएमजेजे बीवाय एपीएमएस बीवाय आदि से भी अवगत कराया गया।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत को जन्मदिन की बधाई दी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से उनके कक्ष में मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

'स्वाभिमान और गर्व' के लिए आज दौड़ेगा छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के आगामी 17 दिसंबर को तीन साल पूरे हो रहे हैं। इन तीन वर्षों में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर और संस्कृति की समृद्धि की दिशा में नई पहल कर राज्य सरकार ने एक नया छत्तीसगढ़ मॉडल देश-दुनिया के सामने रखा है। इससे छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की नई अलख जगाई है। ऐसे मौके पर 14 दिसबंर 2021 को 'रन फॉर सीजी प्राइड' (दौड़ स्वाभिमान और गर्व की) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरा छत्तीसगढ़ स्वाभिमान की दौड़ लगाएगा।इस 'रन फॉर सीजी प्राइड' (दौड़ स्वाभिमान और गर्व की) को सुबह 6.30 बजे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर के गांधी उद्यान से हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ करेंगे। भगत सिंह चौक से शुरू होकर यह दौड़ दो अलग-अलग मार्गों से गुजरकर पुनः अपने प्रारंभिक स्थल भगत सिंह चौक पर लौटेगी। दौड़ को मुख्य रूप से दो श्रेणियों में बांटा गया है, इसमें एक 5 किलोमीटर की दौड़ महिला-पुरुष श्रेणी में होगी। इसमें 14 वर्ष से 60 वर्ष तक के आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे। इस वर्ग के प्रतिभागियों के लिए जयस्तंभ चौक, कोतवाली चौक, पी.डब्लू.डी. चौक (मजार चौक), इनकम टैक्स कॉलोनी तिराहा और शहीद भगत सिंह चौक को चेक पॉइंट बनाया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए व चतुर्थ से दसवें स्थान तक 21 सौ रुपए पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं वरिष्ठ नागरिक व 14 साल से कम उम्र के बच्चों की एक श्रेणी रखी गई है। इस वर्ग में 14 वर्ष से कम तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकेंगे।

जबड़े के कैंसर से पीड़ित 78 वर्षीय महिला का सर्जनों द्वारा सफल ऑपरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। 9 महीने से ऊपरी होंठ और ऊपरी जबड़े के कैंसर से पीड़ित 78 वर्षीय महिला का पिछले सप्ताह राम कृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में सर्जनों द्वारा ऑपरेशन किया गया। महिला ने मुंबई में कैंसर के लिए विशेष माने जाने वाले अस्पताल से लेकर कई बड़े संस्थानों में इलाज के लिए संपर्क किया। लेकिन किसी ने भी उन्हें ऑपरेशन के लिए आश्वस्त नहीं किया। वजह थी उनकी उम्र और एक क्रिटिकल सर्जरी जिसके बिना इलाज संभव नहीं था।

उन्हें कुछ जगहों पर यह भी बताया गया कि वह सर्जरी के बाद बेहोशी से बाहर नहीं आ सकती है। तब उन्होनें रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में डॉ. संदीप दवे से संपर्क किया। डॉ संदीप दवे (निदेशक), डॉ सौरभ जैन (कैंसर सर्जन) डॉ सुभाष साहू (प्लास्टिक सर्जन), डॉ जावेद परवेज (कार्डियोलॉजिस्ट) और डॉ सुधा त्रिवेदी (सीनियर एनेस्थेटिस्ट) की टीम ने इस केस पर विस्तारित सोच विचार किया।

टीम ने एक साथ सभी जोखिमों के बारे में बातचीत करने और सभी आवश्यक जांच करवाने के बाद सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला किया। डॉ सौरभ जैन द्वारा की गई सर्जरी में ऊपरी होंठ और ऊपरी जबड़ा, तालू और दाहिने गाल का हिस्सा सर्जिकली रिमूव किया।

डॉ सुभाष साहू ने महिला के बाएं हाथ से फ्लैप लेकर और हाथ की नसों को गले की नसों से जोड़कर सर्जिकल डिफेक्ट का रिकंस्ट्रक्शन किया। डॉ. विशाल कुमार और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जावेद परवेज की अध्यक्षता में एक्सपर्ट क्रिटिकल केयर टीम द्वारा मरीज़ को स्थिर किया गया।

सर्जरी के 6 दिन बाद मरीज़ को डिस्चार्ज कर दिया गया और अब वह अपने घर पर मुंह के माध्यम से पूरी तरह से तरल आहार ले रही हैं..

यह महिला अन्य सभी ऐसे रोगियों के लिए एक उदाहरण हैं जो मुंह के कैंसर से पीड़ित हैं और सर्जरी कराने से डरते हैं कि अगर वह इतनी अच्छी तरह से रिकवर हो सकती हैं, तो अन्य रोगी भी सर्जरी से ठीक हो सकते हैं। आइए हम एकजुट हों और मुंह के कैंसर से लड़ें. आप और हम सब मिलकर मुंह के कैंसर का इलाज कर सकते हैं. यह संभव है.

सदन में सरकार ने दिया जवाब, 19 अफसरों पर जांच-पड़ताल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन ही अफसरों पर दर्ज़ अपराधिक मामलों से जुड़ा सवाल दागा गया। विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी ने ये सवाल दागा था। विधायक बांधी ने सरकार से प्रदेश के आईएएस अफसरों के खिलाफ दर्ज़ हुए आपराधिक मामलों की जानकारी मांगी थी। जिसके लिखित जवाब देते हुए सरकार की तरफ से ये जानकारी दी गई कि प्रदेश के 19 आईएएस के खिलाफआपराधिक मामले दर्ज है। सरकार ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि रघुनाथ शर्मा, जी वेंकन्ना, आर पी यादव, अजय नाथ, एन पी तिवारी, एम के राउत, एच पी किंडो, राबर्ट हिरंगडोला, नारायण सिंह, सुब्रत साहू, टी एस छतवाल, आर पी बगई, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश टोप्पो, व्ही के ध्रुर्वे, डॉ.आलोक शुक्ला, अनिल टुटेजा, रणवीर शर्मा और जनक पाठक के नाम की जानकारी सदन में दी गई।हालाँकि इस जानकारी में ये भी स्पष्ट किया एमके राउत, सुब्रत साहू, रॉबर्ट हिरंगडोला और नारायण सिंह के खिलाफ प्रकरणों का ख़ात्मा भी हो चुका है। इसके आलावा रणवीर शर्मा के खिलाफ दर्ज़ मामलें को ख़ारिज किया गया था।

एचपी किंडो के खिलाफ दर्ज़ है आधा दर्जन मामलें

इधर सदन में दी गई जानकारी के मुताबिक एचपी किंडो के खिलाफ आधा दर्जन मामलें अब तक दर्ज किए गए थे। इनमें अधिकांश की जाँच पड़ताल फिलहाल लंबित है। हालांकि एचपी किंडो की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद राजेश सुकुमार टोप्पो के खिलाफ सर्वाधिक तीन प्रकरण की जानकारी सदन में सरकार की तरफ से दी गई।

स्वामी विवेकानंद पर 5 दिवसीय फोटो-प्रदर्शनी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने आज महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित आर्ट गैलेरी में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। पांच दिवसीय यह फोटो प्रदर्शनी 17 दिसम्बर तक चलेगी। प्रदर्शनी में स्वामी विवेकानंद जी के बाल्यकाल से लेकर उनके जीवन से जुड़े अनेक चित्र प्रदर्शित किए गये हैं। प्रदर्शनी सवेरे 10 बजे से शाम 5 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। फोटो प्रदर्शनी के साथ-साथ 15 दिसम्बर को स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी, संस्कृति विभाग के उप संचालक श्री जे.आर. भगत, श्री उमेश मिश्रा, वरिष्ठ लेखाधिकारी समीर मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय का तंज, ब्रिटिश आयातित कांग्रेस हमे आइडियोलॉजी ना बताएं

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आइडियोलॉजी वाले बयान बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। साय ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी की स्थापना एक ब्रिटिश अधिकारी द्वारा की गई हो उस दल का व्यक्ति हमे आइडियोलॉजी ना बताएं।

ब्रिटिश ने की कांग्रेस की स्थापना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को देश समझा ही नहीं बल्की लगातार महसूस भी किया हैं और इसी लिए कांग्रेस को देश की जनता ने अब पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ब्रिटिश आयातित कांग्रेस आइडियोलॉजी की बात कर रहे हैं जो कांग्रेस का इतिहास रहा हैं, जो आज भी बदस्तूर जारी है। ऐसी विदेशी आइडियोलॉजी कांग्रेस के नेताओं को मुबारक जो परिवार विशेष से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

करंट निकलने से अब कांग्रेस को कोई लाभ नहीं होने वाला - साय

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि भूपेश बघेल ठीक कह रहे हैं कि कांग्रेस से पूरा करंट निकल चुका हैं अब भूपेश बघेल कितना भी बयानबाजी करें कांग्रेस को कोई लाभ नहीं होने वाला। कांग्रेस के नेता सांसद राहुल गांधी लगातार कांग्रेस की हार का वर्ल्ड रिकार्ड बना कर टॉप पर चल रहे हैं, अब उनकी प्रतिस्पर्धा प्रियंका वाड्रा के साथ है और देश को उम्मीद हैं प्रियंका वाड्रा एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी।

किसान आज कांग्रेस से कोसो दूर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा की कांग्रेस कन्फ्यूज हो चुकी हैं। अब देश और प्रदेश के किसान कांग्रेस से दूर हो चुका हैं, महंगाई पर राजनीति करने में कांग्रेस को जनता नकार रही है। इसलिए सांसद राहुल गांधी से लेकर सीएम भूपेश बघेल तक सभी धर्म संस्कृति की बात कर दुबारा मुंह की खाने ही अग्रसर हो रहे हैं।

गौरतलब है कि सोमवार को सीएम भूपेश ने आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के आईडियोलॉजी को आयातित कहा था। वहीं कांग्रेस की आईडियोलॉजी ऋषि परंपरा से जोड़ा था। यही नहीं भाजपा के आईडियोलॉजी को हिटलर और मुसोलिनी से भी जोड़ दिया था। उन्होंने कहा था कि सत्य की खोज भारतवर्ष में हजारों सालों से होता रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी का जो आधार है वह झूठ और फरेब पर आधारित है।

राजधानी फिर हुई शर्मसार, अंधेरे और सुनसान का फायदा उठाकर गैंगरेप, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के कमल विहार इलाके में नाबालिग लड़की के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया है। इस वारदात को अंजाम देने के बाद युवकों ने लड़की को पचपेड़ी नाका इलाके में छोड़कर भाग निकले। 10 दिसंबर को हुई इस वारदात के बाद अब लड़की परिजनों के साथ थाने शिकायत करने पहुंची। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने भी फौरन एक्शन लेते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया। दोनों बदमाश लड़की के दोस्त थे और ऑटो चलाने का काम करते थे।

सुनसान इलाके में ले जाकर बनाया संबंध

रायपुर के कोतवाली थाने की पुलिस ने इस केस में आरोपी जावेद और रहमान अली को पकड़ा है। इनसे पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक दोनों पहले से ही लड़की को जानते थे। ऑटो में ही सवार होकर लड़की के मोहल्ले में गए। उसे मिलने के लिए बुलाया इसके बाद साथ घुमाने ले जाने की बात कही।

लड़की भी अपने घर में कहीं और जाने का बहाना करके निकल गई। जावेद और रहमान लड़की को कमल विहार इलाके में लेकर गए। कुछ देर इधर-उधर की बातें करने के बाद दोनों ने लड़की को पकड़ लिया। बारी-बारी से दोनों ने लड़की के साथ संबंध बनाए। इसके बाद लड़की को जान से मारने उसके घर वालों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर भाग गए।

युवती बदहवास हालत में पैदल पहुंची घर

16 साल की लड़की को युवक कमल विहार से अपने ही ऑटो में लेकर पचपेड़ी नाका के पास आए, लड़की को उतारा और डरा-धमकाकर भाग गए। चौराहे से करीब 3 किलोमीटर दूर अपने घर लड़की बदहवास हालत में पैदल पहुंची। उसने परिजनों को सारी बात बताई। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा। आरोपियों को मोबाइल नंबर और उनके ऑटो ये ट्रेस करते हुए पुलिस ने उन्हें उनके घरों से दबोच लिया। फिलहाल इस गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों बदमाश लॉकअप में हैं।

पूर्व में भी हो चुकी है घटना

आपको बता दें कि यह नया बसाहट क्षेत्र है। कमल विहार एक बहुत बड़ा इलाका है, जहां कई घर आधे-अधूरे बने पड़े हैं। कई घर बने तो हैं, लेकिन वे पूरी तरह से वीरान है। शाम 5 बजे के बाद इलाके में अंधेरा परसा रहता है। इससे पहले भी इस इलाके में ऐसी ही घटना हो चुकी है। कमल विहार के प्रवेश द्वार से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा दिखता है। इस क्षेत्र में एक निजी अस्पताल भी है। यहां से कोई भी महिला या अन्य पांच बजे के बाद दो पहियों पर नहीं निकल सकते। अंधेरे के कारण एक डर होता है और इसी का फायदा शातिर लोग उठाते हैं। पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

राज्य में पहली बार जिला प्रशासन की अनोखी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार एवं सी.ई.ओ जिला पंचायतमयंक चर्तुवेदी के मार्गदर्शन में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को खेलगतिविधियों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्य 11 दिसंबर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में किया जा रहा है। ता कि प्रशिक्षण उपरांत शिक्षक अपने स्कूलों में खेलगतिविधियों का व्यावस्थित संचालन कर स्कूली बच्चों में आत्मविश्वास जगाते हुए उन्हें राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु सक्षम बना सकें तथा बच्चें अपना सर्वांगीण विकास कर सकें।

संपादकीय

नेताओं में तेज होती जुबानी जंग

उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित पांच राज्यों के लिए होने जा रहे विधानसभा चुनाव की तिथि अभी तक घोषित नहीं हुई है लेकिन राजनीतिक दलो के नेताओं के बीच अभी से जुबानी जंग छिड़ गई है जो दिन-ब-दिन तेज होती जा रही है। उत्तर प्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी का नाम लिए बगैर लाल टोपी को लेकर बयान दिया। पीएम मोदी ने लाल टोपी को रेड अलर्ट बताते हुए लोगों से आव्हान किया कि वे लाल टोपी से सावधान रहे। इसके बाद अखिलेश यादव ने भी पीएम मोदी पर पलटवार किया और लाल टोपी को क्रांती का प्रतीक बताते हुए आरएसएस की काली टोपी पर निशाना साधा। इसी के साथ सपा और भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इसी तरह पंजाब में भी कांग्रेस ने कैप्टन अमरिंदर सिंह पर जुबानी हमला किया तो कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी जमकर पलटवार किया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्ध को लेकर जमकर शब्दबाण चलाएं। इधर राजस्थान में महंगाई के खिलाफ कंग्रेस पार्टी ने बड़ी रैली की जिसमें राहुल गांधी ने महंगाई पर कम और हिन्दु तथा हिन्दुत्व पर ज्यादा फोकस किया। उन्होने पीएम मोदी पर हिन्दुत्व को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब देश में हिन्दुओं का राज लाने की जरूरत है। कुल मिलाकर उन्होने भी महांगाई विरोधी प्रदर्शन में पीएम मोदी, भाजपा और आरएसएस पर ही निशाना साधा। यह तो अभी शुरूआत है ज्यों ज्यों इन पांच राज्यों में चुनाव की तिथि नजदीक आती जाएगी त्यों त्यों नेताओं में जुबानी जंग तेज होती जाएगी। चुनाव के दौरान जुबानी जंग होना कोई बुरी बात नहीं है, आरोप प्रत्यारोप का दौर चलना चुनाव का ही एक हिस्सा है लेकिन यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि मर्यादा का उल्लंघन न हों। व्यक्तिगत हमले न किए जाएं और शब्दों में शालीनता रखी जाएं अन्यथा विवादास्पद बयानबाजी के दुष्परिणाम भी भोगने पड़ सकते है। पूर्व में पीएम मोदी को लेकर जिस तरह की ओछी बयानबाजी हुई उसका पीएम मोदी को ही लाभ मिला और वे दुसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है क्योंकि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश होकर ही जाता है इसलिए उत्तर प्रदेश में ही जुबानी जंग तेज हो रही है। इस जंग में जीतने वाला चुनाव भी जीत जाएगा इसकी कोई गारंटी नहीं है लेकिन सस्ती लोकप्रीयता अर्जित करने के लिए तीखी टीका टिप्पणी होती ही है जो कभी कभी नुकसानदायक भी हो सिद्ध हो जाती है। इस बात का ध्यान रखते हुए बयानवीर नेताओं को थोड़ा संयम बरतना चाहिए।

विचार

कमाई के मामले में बढ़ती खाई

कोई चालीस साल पहले जनकवि अदम गोंडवी ने ये पंक्तियां लिखी थीं। लेकिन आज भी यह सवाल न सिर्फ जस का तस खड़ा है, बल्कि मामला और भी विकट हो गया है। 'वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट' यानी विश्व असमानता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत उन देशों में एक है, जहां आर्थिक विषमता या गैर-बराबरी सबसे ज्यादा हो चुकी है। यहां के 10 प्रतिशत अमीरों की सालाना कमाई देश की कुल कमाई का 57 फीसदी हिस्सा है। इनमें भी सिर्फ ऊपर के एक फीसदी लोग देश की 22 प्रतिशत कमाई पर काबिज हैं, जबकि नीचे की आधी आबादी महज 13 प्रतिशत कमाई पर गुजारा कर रही है। इन आंकड़ों को और बेहतर समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि अगर आप महीने में 42,000 रुपये कमाते हैं, तो इस देश की 80 फीसदी आबादी आपसे नीचे है। और, 72,000 रुपये मासिक कमाने वाले तो 10 फीसदी से भी कम हैं। अब आप चाहें, तो इन आंकड़ों में अपनी जगह देखकर खुश हो सकते हैं, या फिर इस चिंता के हिस्सेदार बन सकते हैं कि आखिर गैर-बराबरी के बढ़ने की वजह क्या है? जब अंग्रेज भारत से गए, उस वक्त देश के सबसे अमीर 10 फीसदी लोगों के पास दौलत और कमाई में करीब आधा हिस्सा था। आजादी के बाद की नीतियों और दसियों साल की मेहनत से यह हिस्सा घटकर 80 के दशक में 35 से 40 फीसदी के बीच आया। लेकिन इस साल की रिपोर्ट बताती है कि यह आंकड़ा फिर बढ़कर 57 फीसदी से ऊपर जा चुका है। संपत्ति के मामले में तो आंकड़े और भी डरावने हैं। देश की कुल संपत्ति का एक तिहाई हिस्सा सिर्फ एक फीसदी अमीरों के पास जमा हो चुका है, जबकि 10 प्रतिशत लोगों के पास करीब 64 फीसदी संपत्ति है। नीचे की आधी आबादी के पास कुल छह फीसदी संपत्ति है। औसत लगाएंगे, तो हर एक के खाते में 66,000 रुपये के आसपास की रकम आती है। यहां यह मत समझ लीजिए कि पांच लोगों का परिवार हुआ, तो यह पांच गुना हो जाएगा, क्योंकि यह रिपोर्ट कामकाजी बालिग को ही गिनती है। यह एक विकट समय है। कोरोना का असर कमाई पर भी पड़ा है और संपत्ति पर भी। पूरी दुनिया में लोगों की कमाई घटी है। लेकिन इस गिरावट का आधा हिस्सा अमीर देशों और आधा गरीब देशों के हिस्से गया है। यानी, गिरावट कमाई के हिसाब से नहीं हुई है। अमीर देशों पर इसका असर कम और गरीब देशों पर ज्यादा दिखाई पड़ा है। असमानता रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी जिम्मेदारी मुख्य रूप से दक्षिण व दक्षिण-पूर्व एशिया पर आती है, और उसमें भी सबसे ज्यादा भारत पर। इसका अर्थ है कि भारत में लोगों की कमाई में सबसे तेज गिरावट आई है। हालत यह है कि सन 2020 के आंकड़ों में से अगर भारत का हिस्सा निकालकर देखा जाए, तो दिखता है कि बाकी दुनिया में नीचे की आधी आबादी की कमाई में हल्की सी बढ़ोतरी हुई है। भारत में जो गिरावट आई है।

जोड़ने के जुनून वाला जनरल

सी उदय भास्कर

जनरल रावत ने तीनों सेनाओं में जुड़ाव या साझापन पैदा करने के लिए अपने जुनून के साथ कई कदम उठाए थे। इस प्रक्रिया में वायु सेना, विशेष रूप से, वायु योद्धा के लिए 'सहायक भूमिका' के उल्लेख से नाखुश भी थी। यह आंतरिक सुरक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण था कि थल सेना के प्रमुख और सीडीएस के रूप में जनरल बिपिन रावत ने एक हद तक विवाद को भी आमंत्रित किया था। लेकिन इतिहास जनरल बिपिन रावत को हमेशा एक ऐसे पेशेवर सैन्य अधिकारी के रूप में स्वीकार करेगा, जिन्हें राष्ट्रीय सैन्य तैयारियों में सुधार के लिए भारत के पहले सीडीएस के रूप में एक कठिन काम सौंपा गया था। अब यह सुनिश्चित करना संस्थागत चुनौती है कि उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यों को उनकी वाजिब मंजिल तक पहुंचाया जाए।

अब यह इतिहास है। हमारे पूर्व सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत को 1 जनवरी, 2020 को तीन साल के कार्यकाल के लिए देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में तैनात किया गया था। एक चार सितारा सैन्य जनरल के लिए सीडीएस का पद बिल्कुल मुफीद था। सीडीएस का पद सृजित होने से पहले हमारे तीनों सशस्त्र बलों- थल सेना, नौसेना और वायु सेना में से प्रत्येक के पास अलग-अलग चार सितारा रैंक के सैन्य अधिकारी सर्वोच्च पद पर विराजमान रहते थे। सीडीएस के बनने से इन तीनों प्रमुख सैन्य अधिकारियों के ऊपर भी एक अधिकारी पदस्थ हो गए।

हमारे नए सीडीएस तीन टोपियां पहनते थे, जो उन्हें सैन्य और नौकरशाही, दोनों तरह के कार्यों या जिम्मेदारियों से जोड़ती थीं। रक्षा मामलों के विभाग में सचिव के रूप में उनके पास सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी, इसके लिए पहली बार एक सेवारत सैन्य अधिकारी को वित्तीय शक्तियों और संसदीय जिम्मेदारियों के साथ सचिव स्तर के अधिकारी का दर्जा दिया गया था।

सीडीएस को भी एक चार सितारा अधिकारी का दर्जा हासिल था और वह रक्षा सेवा प्रमुखों में पहले स्थान पर थे, हालांकि, सेनाओं में उनकी कोई परिचालन भूमिका या सक्रिय जिम्मेदारी नहीं थी। सीडीएस को चीफ्स ऑफस्टाफकमेटी (सीओएससी) के स्थायी अध्यक्ष के रूप में भी काम करना था। हालांकि, उनके कार्यालय के पास किसी कमान की जिम्मेदारी नहीं थी। उपरोक्त दो टोपियों या जिम्मेदारियों के अलावा सीडीएस को रक्षा मंत्री के प्रमुख सलाहकार के रूप में भी देखा गया। वह एक तरह से राजनीतिक नेतृत्व से जुड़े अकेले सैन्य अधिकारी थे।

वैसे सीडीएस के कुछ प्रावधान उलझे हुए से लगते हैं। उदाहरण के लिए, सीडीएस सरकार के सचिव थे, जबकि मौजूदा रक्षा सचिव मंत्रालय में प्राथमिक नागरिक सेवक बने रहे। मौजूदा नियमों के अनुसार, एक रक्षा सेवा प्रमुख (चार सितारा सैन्य अधिकारी) रक्षा सचिव से वरिष्ठ होता है। जाहिर है, यहां सीडीएस पद को लेकर विसंगतियां हैं। सीडीएस तीनों सेनाओं के प्रमुखों के समकक्ष भी थे और ऊपर भी, रक्षा सचिव से वरिष्ठ भी थे, लेकिन उनके पास अलग से कोई विशेष परिचालन जिम्मेदारी भी नहीं थी। आज भी व्यावहारिक रूप से रक्षा सचिव ही ज्यादा महत्वपूर्ण लगते हैं। हालांकि, नई व्यवस्था शुरू करते हुए यह माना गया था कि पहले सीडीएस के पदभार ग्रहण करने के बाद कुछ वर्षों में पद व अधिकार संबंधी विसंगतियां दूर कर ली जाएंगी।

गौर करने की बात है, 1999 के कारगिल युद्ध के बाद सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत को समझा गया था। संसाधनों का अनुकूलन करते हुए रक्षा क्षमताओं को जुटाने के औचित्य को अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने स्वीकार किया था। कई कारणों से सेनाओं में समन्वय के वास्तविक क्रियान्वयन को लगभग दो दशक के लिए स्थगित कर दिया गया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में ही यह फैसला लिया जा सका कि भारत एक सीडीएस का पद सृजित करेगा, और तब इस फैसले को मील के पत्थर के रूप में प्रचारित भी किया गया था।

> सीडीएस को भी एक चार सितारा अधिकारी का दर्जा हासिल था और वह रक्षा सेवा प्रमुखों में पहले स्थान पर थे, हालांकि, सेनाओं में उनकी कोई परिचालन भूमिका या सक्रिय जिम्मेदारी नहीं थी। सीडीएस को चीफ्स ऑफस्टाफ कमेटी (सीओएससी) के स्थायी अध्यक्ष के रूप में भी काम करना था। हालांकि, उनके कार्यालय के पास किसी कमान की जिम्मेदारी नहीं थी। उपरोक्त दो टोपियों या जिम्मेदारियों के अलावा सीडीएस को रक्षा मंत्री के प्रमुख सलाहकार के रूप में भी देखा गया। वह एक तरह से राजनीतिक नेतृत्व से जुड़े अकेले सैन्य अधिकारी थे। वैसे सीडीएस के कुछ प्रावधान उलझे हुए से लगते हैं। उदाहरण के लिए, सीडीएस सरकार के सचिव थे, जबकि मौजूदा रक्षा सचिव मंत्रालय में प्राथमिक नागरिक सेवक बने रहे। मौजूदा नियमों के अनुसार, एक रक्षा सेवा प्रमुख (चार सितारा सैन्य अधिकारी) रक्षा सचिव से वरिष्ठ होता है। जाहिर है, यहां सीडीएस पद को लेकर विसंगतियां हैं। सीडीएस तीनों सेनाओं के प्रमुखों के समकक्ष भी थे और ऊपर भी, रक्षा सचिव से वरिष्ठ भी थे, लेकिन उनके पास अलग से कोई विशेष परिचालन जिम्मेदारी भी नहीं थी।

सीडीएस के लिए सोची गई या परिकल्पित जिम्मेदारियों का खाका वास्तविक है। संयुक्त योजना बनाना, योजना के अनुरूप आवश्यकताओं के एकीकरण के माध्यम से सेवाओं के लिए खरीद करना, प्रशिक्षण और साझा नियुक्तियों को बढ़ावा देना; संचालन में साझापन लाकर संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए सैन्य कमानों का पुनर्गठन करना, जिसमें संयुक्त/थिएटर कमांड की स्थापना भी शामिल है। इसके अलावा, रक्षा सेवाओं में स्वदेशी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना भी सीडीएस व्यवस्था का प्रमुख लक्ष्य है।

आज सीडीएस व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी पर लाना एक दुष्कर कार्य है। विशालकाय, असमान, बहुस्तरीय रक्षा संस्थान का पुनर्गठन आसान काम नहीं है, जिसमें वर्दीधारी सैन्य कर्मियों, नागरिक कर्मचारियों, रक्षा उत्पादन इकाइयों के साथ-साथ अनुसंधान और विकास (आर ऐंड डी) संगठन भी शामिल हैं। इनमें कुछ संस्थाएं या परंपराएं ऐसी भी हैं, जो औपनिवेशिक काल से चली आ रही हैं।

ऐसे में, कोई शक नहीं कि जनरल बिपिन रावत के सामने एक बहुत बड़ा काम था। इस काम को पूरा कर दिखाने के लिए वह दृढ़ संकल्पित भी थे। इतना ही नहीं, इस कठिन काम को साकार करने की प्रक्रिया में वह पूरी मुस्तैदी व तेजी के साथ पूरी तरह उतर चुके थे।

यह तो जाहिर है कि विशाल व शक्तिशाली भारतीय सेना में कुछ असंतुलन भी है। थल सेना अपने सर्वाधिक 12 लाख जवानों के साथ सबसे आगे है। उसके बाद यदि जवानों का अनुपात देखें, तो थल, वायु और नौसेना में जवानों का अनुपात क्रमशः 20-2-1 है। मतलब थल सेना के प्रति 20 सैनिकों पर महज एक नौसैनिक है। सेना को 17 अलग-अलग कमांड में विभाजित किया गया है। जनरल बिपिन रावत से उम्मीद की जा रही थी कि वह इस विशाल सेना को कुछ कारगर संयुक्त कमांड में पुनर्गठित करेंगे, जिसका मकसद भौगोलिक रूप से खूब फैली हुई रक्षा संस्थाओं को एक मुकम्मल थिएटर कमांड के तहत लाना है। उदाहरण के लिए, भारतीय सेना के पास तीन पूर्वी कमांड हैं- थल सेना, जिसका मुख्यालय कोलकाता में है, शिलांग में वायु सेना का मुख्यालय है और विशाखापत्तनम में नौसेना का मुख्यालय है।

नए ढांचे में नौसेना को एक समुद्री कमांड के तहत लाया जाना है और वायु सेना को एक छतरी तले जुटाना है। जमीनी सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान की चुनौती को दो अन्य थिएटर कमांड द्वारा प्रबंधित किया जाना है।

असमानता की खाई को पाट रहा है मोबाइल इंटरनेट

नरविजय यादव

आर्थिक असमानता को कम करने और आम नागरिकों के सशक्तिकरण में इंटरनेट भले ही अपनी भूमिका निभा रहा है, लेकिन गरीबी और अमीरी की खाई चिंता की बात तो है ही, क्योंकि दुनिया में यह गैप निरंतर बढ़ता जा रहा है। कोरोना काल की बात करें तो चालू वित्त वर्ष में विश्व के दस फीसदी लोगों के पास 76 प्रतिशत पूंजी और 52 प्रतिशत आय रही। यह आंकड़ा 2022 की वैश्विक असमानता रिपोर्ट के हैं। इसके अनुसार, इस साल दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी के हिस्से में सिर्फ दो प्रतिशत पूंजी और आठ प्रतिशत आय रही।

दुनिया में अमीरों और गरीबों के बीच गहरी खाई है। शिक्षा और अशिक्षा के बीच भी भारी अंतर है। इसी तरह सूचनाओं और ज्ञान तक सबकी पहुंच नहीं हो पाती थी, लेकिन इंटरनेट के प्रसार और उपलब्धता ने इस तरह की खाई को कम करना शुरू कर दिया है। इंटरनेट के पहियों पर सवार सोशल मीडिया और इन दोनों का वाहक बनता स्मार्टफोन अब गरीबों के हाथों में भी पहुंचता जा रहा है। भारत में तो अब 'रोटी, कपड़ा और मकान' की जगह लोग 'रोटी, कपड़ा और मोबाइल' तक कहने लगे हैं। पहले कभी लग्जरी माना जाता था मोबाइल, लेकिन अब यह एक आवश्यकता बन गया है और ताकत भी। वायरल होने वाले ज्यादातर वीडियो अक्सर मजदूरों, छात्रों, राहगीरों या किसी भी सामान्य व्यक्ति के बनाये होते हैं। जो जहां है, वहीं से वीडियो बनाकर अपलोड कर देता है, जिसे बाद में नेशनल टीवी और बड़े मीडिया हाउस तक इस्तेमाल करते हैं। एक सामान्य व्यक्ति को यह शक्ति मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के गठजोड़ से ही प्राप्त हुई है।

आर्थिक असमानता को कम करने और आम नागरिकों के सशक्तिकरण में इंटरनेट भले ही अपनी भूमिका निभा रहा है, लेकिन गरीबी और अमीरी की खाई चिंता की बात तो है ही, क्योंकि दुनिया में यह गैप निरंतर बढ़ता जा रहा है। कोरोना काल की बात करें तो चालू वित्त वर्ष में विश्व के दस फीसदी लोगों के पास 76 प्रतिशत पूंजी और 52 प्रतिशत आय रही। यह आंकड़ा 2022 की वैश्विक असमानता रिपोर्ट के हैं। इसके अनुसार, इस साल दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी के हिस्से में सिर्फ दो प्रतिशत पूंजी और आठ प्रतिशत आय रही। यह रिपोर्ट यह भी खुलासा करती है कि जलवायु परिवर्तन में सबसे ज्यादा दोषी अधिक आय वाला तबका ही है। अधिक आय वाले 10 प्रतिशत लोग 50 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन करते हैं, जबकि कम आय वाला 50 प्रतिशत तबका महज 12 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जित करता है। अर्थात, अधिक आमदनी वाले लोग ऐश ज्यादा करते हैं और पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने के मामले में भी ये ही दोषी हैं।

> वैश्विक असमानता रिपोर्ट बताती है कि भारत में एक ओर गरीबों की संख्या बढ़ रही है, तो दूसरी ओर धनी वर्ग और अधिक साधन संपन्न होता जा रहा है। देश में वयस्कों की सालाना औसत राष्ट्रीय आय 2.05 लाख रुपये है। देश के 50 प्रतिशत लोग बमुश्किल 53,000 रुपये सालाना कमा पाते हैं। टॉप के 10 प्रतिशत लोग इनसे 20 गुना ज्यादा, यानी करीब 12 लाख रुपये हर साल कमाते हैं। इन 10 प्रतिशत अमीरों की आय देश की कुल आय की 57 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, अंग्रेजों के शासन काल में, भारत में अमीरी गरीबी की खाई अधिक थी। तब 10 फीसदी लोगों के पास देश की कुल आय का 50 फीसदी हिस्सा होता था। सबको साथ लेकर चलने में वित्त और तकनीक का गठजोड़ भी उपयोगी साबित हो रहा है। फिनटैक यानी फाइनेंस और टैक्नोलॉजी के मेल से देश में एक नये किस्म की क्रांति आकार ले रही है। फिनटैक की वजह से गरीब-अमीर हर किसी की जिंदगी में सुखद बदलाव देखने को मिल रहा है।

वैश्विक असमानता रिपोर्ट बताती है कि भारत में एक ओर गरीबों की संख्या बढ़ रही है, तो दूसरी ओर धनी वर्ग और अधिक साधन संपन्न होता जा रहा है। देश में वयस्कों की सालाना औसत राष्ट्रीय आय 2.05 लाख रुपये है। देश के 50 प्रतिशत लोग बमुश्किल 53,000 रुपये सालाना कमा पाते हैं। टॉप के 10 प्रतिशत लोग इनसे 20 गुना ज्यादा, यानी करीब 12 लाख रुपये हर साल कमाते हैं। इन 10 प्रतिशत अमीरों की आय देश की कुल आय की 57 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, अंग्रेजों के शासन काल में, भारत में अमीरी गरीबी की खाई अधिक थी। तब 10 फीसदी लोगों के पास देश की कुल आय का 50 फीसदी हिस्सा होता था। सबको साथ लेकर चलने में वित्त और तकनीक का गठजोड़ भी उपयोगी साबित हो रहा है। फिनटैक यानी फाइनेंस और टैक्नोलॉजी के मेल से देश में एक नये किस्म की क्रांति आकार ले रही है। फिनटैक की वजह से गरीब-अमीर हर किसी की जिंदगी में सुखद बदलाव देखने को मिल रहा है। धन का लेनदेन त्वरित होने लगा है। बिचौलिए खत्म हो रहे हैं और आम आदमी भी फिनटैक की सुविधाओं का लाभ ले पा रहा है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो भी देता है

जो भी देता है बस यही देता है निकलने का मशवरा देता है सहरा का अपना कायदा है कब किसी को रास्ता देता है जिसकी आदत बदगुमानी है वही अफ्वाहों को हवा देता है मुहब्बत को इल्म हासिल है दर्द जितना हो मज़ा देता है खुदा जो ज़िद पर आ जाए जिंदा रहने की सजा देता है।

- अमित कुमार अम्बष्ट

गुम सुमसी क्यों

गुम सुमसी क्यों बैठी हो तुम आओ कुछ तो बोलो ना अपने मधुर कंठ से अब तुम कुछ मिश्री सी घोलो ना मुस्काते मुखड़े से अपने अन्धियारा ये दूर करो आलिंगन में आके मेरे प्यार मुझे भरपूर करो इन सुंदर नयनों से अपने इस दुनिया को देखो ना गुमसुम सी क्यों बैठी हो तुम आओ कुछ तो बोलो ना।

- संजय कुमार गिरि

ख़ास पाती | दिखता पत्थर जैसा लेकिन

दिखता पत्थर जैसा लेकिन शीशा भी हो सकता है।। सौ रिश्तों के बीच खड़ा वो तनहा भी हो सकता है।। आज मिला जो दुश्मन बन कर हमको अपने जीवन में, पिछले जनमों का वो कोई अपना भी हो सकता है।। किसने सोचा देख दुपहरी चढ़ते तेवर सूरज के, शाम ढले तक कोई इतना धीमा भी हो सकता है।। नज़रें भर को दिखती हो ऊपर -ऊपर इक हरियाली, भीतर भीतर कोई उसके सहरा भी हो सकता है।। हँसी खोखली हमने देखी,जाने कितने ओठों पर उसको मिलके जाना आँसू झूठा भी हो सकता है।। चैन तुझे मिलता ÷आशा÷ जिस बारिश के आ जाने से, वो अम्बर की आँखों का इक क़तरा भी हो सकता है।

- आशा पांडेय ओझा

जो लोग कहते हैं अपने से नीचे

जो लोग कहते हैं अपने से नीचे वाले को देखो उनसे एक बात कहनी थी जिनकी तुम बात करते हो वो लोग या तो बेचारे सक्षम नही होते या वो किस्मत के मारे होते हैं, अगर सब कुछ होते हुए भी तुम उसका परिवहन नही करते, तुम्हें हर छोटी से छोटी चीज़ के लिए स्ट्रगल करना पड़े तो तुममें और उन लोगों में कोई फर्क नही जिसके पास कुछ भी नही, क्योंकि वो तो किस्मत की वजह से तरस रहा है और तुम अपनी आदतों की वजह से सब कुछ होते हुए भी तरस रहे हो....फ़िज़ूल खर्ची और मितव्ययिता में फर्क करना तुम्हें अब तक आया नही है। **- वर्षा गुप्ता**

मुहब्बत भी अब समझदार हो गई

मुहब्बत भी अब समझदार हो गई है यारों, हैसियत देखकर ही आगे कदम बढ़ाती है। होती है जितनी गर्मी तुम्हारे पाकेट के अंदर, उतनी देर ही फरेबी इश्क की गाड़ी दौड़ाती है।

- संजय सिंह राजपूत भव्य

वो तो विधर्मी गैर धर्मी है

वो तो विधर्मी गैर धर्मी है। लेकिन वो भीड़ जो उनको सुनकर ताली बजा रही थी वो घर जाकर अपने माता पिता बच्चों और अपने देवता से कैसे नजर मिलाए होंगे ?? जिस भूमि को अपने महराणा और अपने जौहर पर गर्व है जिन्होने केशरीया और हिन्दुत्व के लिए ना जाने कितने बलिदान दिया पता नहीं उस राज्य कि जनता ने कैसे ये भाषण सुन लिये। आप भले इस भाषण को मजाकिया लहजे में ले पर ये सीधे हमारे सनातन कि आत्मा पर हमला है !! जो शायद आज तक किसी विदेशी मुगल अक्रांताओ ने भी नहीं किया - **अम्बर अनिल दानी**

मेरी यात्राओं को मुझसे शिकायत

मेरी यात्राओं को मुझसे शिकायत है कि मैं उनसे मुलाकात नहीं करती। अभी मसरूफ हूं जिम्मेदारियों में। जिंदगी का आधा सफर बीत गया, कुछ बाकी है। वक्त मिलने दे .... मुझे भी बेसब्री इंतजार है तुमसे मिलने का। **- शोभा गोयल**

1498 में जब वास्कोडिगामा भारत

1498 में जब वास्कोडिगामा भारत आया था तो कालीकट बंदरगाह पर उसका स्वागत ÷अखिलेश यादव जी÷ ने किया था... साथ में ÷राजेंद्र चौधरी÷ और अनुराग भदौरिया भी थे... और मजेदार बात ये है कि अनुराग भदौरिया ने तब उस वक्त भी ÷हरा कुर्ता÷ पहन रखा था। **- कुमार संतोष**

हार भी हार सी नही लगती,

हार भी हार सी नही लगती, जीत अगर अपनो की होती है। गहरे जख्म भी अब दर्द नही देते, मुस्कान जब अपनो की होती है। तुफानो से भी अब डर नही लगता, उससे पार जब अपने ही करते है। संघर्ष करते-करते ,भी मुस्कुराऊँ मैं क्योंकि सम्बल जब अपने ही देते है। **-निशा रावल**

QUIZ TIME

1) अर्जुनगढ़ की गुफा कहाँ स्थित है?
2) छत्तीसगढ़ी का संपूर्ण व्याकरण के लेखक कौन-कौन है?
3) आग में सेंकी गई मोटी रोटी को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं?
4) छत्तीसगढ़ पर ओड़िसा का प्रभाव जिस क्षेत्र में पड़ा है, वह है-
5) भारतीय टेलीविजन अभिनेता का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बलरामपुर (2) डॉ. विनयकुमार पाठक एवं डॉ. विनोदकुमार वर्मा (3) अंगाकार (4) पूर्वी (5) संदीप तिवारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1799: अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन प्रथम का निधन हुआ। 1911 : रोआल्ड एमंडसन ने दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले व्यक्ति बने। 1918 : बी के एस आयंगर का जन्म। कर्नाटक के बेल्लूर में जन्मे आयंगर को देश का पहला योग गुरू होने का गौरव हासिल है।1921 : एनी बेसेंट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफलेटर्स' की उपाधि दी। 1922 : यूनाइटेड किंगडम में आम चुनाव। 1924 : हिंदी सिनेमा के पहले शोमैन राजकपूर का जन्म। 1930 के दशक में बॉम्बे टॉकीज में क्लैप ब्वॉय बने राजकपूर ने पृथ्वी थियेटर से अपने अभिनय जीवन की शुरूआत की और अभिनय के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी खूब नाम कमाया। 1946 : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 1972 : अमेरिका द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अपोलो 17, वापस लौटा और इसी के साथ चंद्रमा के अन्वेषण का अमेरिका का अभियान समाप्त हो गया। 1982 : ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 13 वर्षों के बाद पुनः खोला गया। 1983 : जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया। 1995 : बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था। 1997 : ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत।

परसा कोल ब्लॉक भूमि अधिग्रहण, कब्जा लेने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

- **8 जनवरी को होगी मामले की अगली सुनवाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरूप गोस्वामी और जस्टिस एनके चन्द्रवंशी की खण्ड पीठ ने परसा कोल ब्लॉक भूमि अधिग्रहण को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान बेंच ने केन्द्र और राज्य सरकार को मामले की अगली सुनवाई तक याचिका कर्ताओं की भूमि पर यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये है।

गौरतलब है कि सरगुजा और सुरजपुर स्थित परसा कोल ब्लॉक के भूमि अधिग्रहण को हरिहरपुर साल्ही और फतेपुर गांव के निवासी मंगल साय, ठाकुर राम, आनंद राम, पनिक राम और मोतीराम ने याचिका लगाकर चुनौती दी थी। इस मामले में 9 अप्रैल 2021 को राज्य शासन और केन्द्र सरकार पर नोटिस तामील हो चुका था परन्तु सोमवार को सुनवाई होने के दौरान तक केन्द्र सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जबकि बीते 27 अक्टूबर की अन्तिम सुनवाई में उन्हें 6 सप्ताह का समय अन्तिम रूप से दिया गया था।

गौरतलब है कि सरगुजा क्षेत्र में स्थित परसा को ब्लॉक में लगभग 1250 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की गई है। इसमें लगभग एक तिहाई भूमि आदिवासी किसानों की लगानी भूमि है। शेष दो तिहाई भूमि घना जंगल है। जो हाथी प्रभावित होने के साथ-साथ निस्तारी और लघुवनोपज के लिये आस-पास के सभी गांव के काम आता है। इस अधिग्रहण के लिये कोल बेयरिंग एरिया एक्ट 1957 का प्रयोग किया गया है, जबकि पिछले 60 सालों में में यह एक्ट केवल एसईसीएल जैसी केन्द्र सरकार की कम्पनी के लिये उपयोग किया जाता रहा है।

इस मामले में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के हित में इस एक्ट का प्रयोग करने को चुनौती दी गई है और यह भी बताया गया है कि राजस्थान निगम ने परसा कोल ब्लॉक को अडानी के स्वामित्व वाली कंपनी को खनन के लिये सौपे जाने का अनुबंध कर रखा है अर्थात् यह भूमि अधिग्रहण निजी कम्पनी के हित में है जिसके लिये कोल बेयरिंग एक्ट का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

इसके साथ-साथ याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया है के अधिग्रहण से संबंधित धारा 4 एवं धारा 7 की अधिसूचनाएं प्रभावित व्यक्तिओं को समय रहते उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बावजूद प्रभावित व्यक्तियों के द्वारा जो आपत्तियां कोल कंट्रोलर को भेजी गई उसमें न तो सुनवाई का अवसर दिया गया और नहीं उनकी आपत्तियों का निराकरण किया गया। 2006 में वन अधिकार कानून और 1996 में पेसा एक्ट लागू हो जाने के बाद अनुसूचि पांच क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के पूर्व आवश्यक ग्राम सभाओं के नकली प्रस्ताव बनाकर भूमि अधिग्रहण प्रकरण में लगाये गये है जबकि ग्राम सभाएं इसके विरोध में है। लगातार कई ज्ञापन देकर प्रभावित व्यक्तियों ने फर्जी ग्राम सभा प्रस्ताओं की जांच की मांग कलेक्टर और मुख्यमंत्री से की है। परन्तु इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

गौरतलब है कि हाल ही में आदिवासियों की एक बड़ी पद यात्रा सरगूजा क्षेत्र से रायपुर तक की गई थी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने परसा कोल ब्लॉक के लिये फर्जी ग्राम सभा प्रस्ताओं बनाने की शिकायतों पर संज्ञान लेकर उन्हें राज्य सरकार तक भेजा था।

आज राज्य सरकार के द्वारा उत्तर प्रस्तुत कर दिया गया है और मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। मामले में याचिकाकताओं की पैरवी अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव, संदीप दुबे और आलोक ऋषि कर रहे है। वही केन्द्र सरकार की ओर से एएसजी रमाकांत मिश्रा, राज्य सरकार की ओर से डिप्टी ए.जी. सुदीप अग्रवाल और राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम एवं अडानी कम्पनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. निर्मल शुक्ला और अधिवक्ता शैलेंद्र शुक्ला तथा अर्जित तिवारी बहस कर रहे है।

भवन अधूरा, हैंडओवर नहीं और करा दिया लोकार्पण, अब स्कूल भी संचालित

घटिया निर्माण की वजह से विभाग ने नहीं लिया सुपुर्दनामा

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के लोकार्पण के पश्चात भवन संचालित तो हो गया है किंतु संबंधित विभाग ने गुणवत्ताहीन भवन को अभी तक अपने सुपुर्द में नहीं लिया है। कागजों में इसे 14 अक्टूबर 2020 को पूर्ण बताया जा रहा है। जबकि अभी भवन में कई खामियों की वजह से विभाग हैंडओवर नहीं लिया है। मामला जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं लाईवलीहुड कॉलेज के छात्रावास निर्माण में खामियों के चलते संबंधित विभाग त्रुटियां बताकर संबंधित एजेंसी से उसे सुधारने के लिए पत्र लिखकर अब तक सुपुर्दनामा नहीं लिया है। जबकि एकलव्य आवासीय विद्यालय में मुख्यमंत्री के लोकार्पण के पश्चात स्कूल संचालित किया जा रहा है। लगभग 1324 करोड़ रूपए के लागत से बनने वाले इस आवासीय विद्यालय में सीवरेज, टाईल्स एवं कीचनों में एक्झास नहीं होने के कारण संबंधित विभाग ने जहां इसे सुपुर्दनामा लेने से इंकार कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री के लोकार्पण के पश्चात इसमें कक्षाएं संचालित की जाने लगी। लगभग चार माह गुजर जाने के बाद भी सुधार कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण विभाग उसे अपने सुपुर्दनामे लेने को तैयार नहीं हो रहा है। इधर, निर्माण एजेंसी द्वारा इसे पूर्ण हो जाने की बात की जा रही है। इसी तरह से 80 लाख रूपए की लागत से निर्मित लाईवलीहुड कॉलेज के बालक छात्रावास में भी खामियां है जिसके चलते संबंधित विभाग इसे सुपुर्द में नहीं लिया है। 30 जुलाई 2021 को इस भवन को पूर्ण कर लिया गया है। खामियों को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। अब देखना यह है कि यह कब तक विभाग अपने सुपुर्द में लेता है।

> एकलव्य स्कूल के बालक/बालिका छात्रावास सहित स्कूल भवन में सिवरेज एवं अन्य त्रुटियों के चलते निर्माण एजेंसी को इसे ठीक करने के लिए पत्र लिखा गया है। इसमें सुधार कार्य हो जायेगा तो सुपुर्द ले लिया जायेगा।
>
> **-शिल्पा साय,** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मुंगेली
>
> 14 अक्टूबर 2020 को एकलव्य आवासीय स्कूल को पूर्ण कर लिया गया है। कुछ छोटे-मोटे कार्य शेष है। संबंधित विभाग के अधिकारी के निर्देशन में इसे पूर्ण किया जा रहा है। पूर्ण होते ही संबंधित विभाग सुपुर्दनामा ले लेगा।
>
> **-अरविंद चौरसिया,** ईई पीडब्ल्यूडी मुंगेलीविभाग मुंगेली

छमाही पेपर का प्रश्न पत्र हुआ लीक, कल से परीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के सरकारी स्कूल में 15 दिसंबर से कक्षा 9वीं से 12वीं की छमाही परीक्षा शुरू हो रही है। इसके पहले प्रश्न पत्र लीक होने की खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार माह दिसम्बर में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों का अर्द्ध वार्षिक परीक्षा लिया जाना है। 15 दिसम्बर से परीक्षा आयोजित करने टाइम टेबल जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली ने जारी कर विषय के व्याख्याता से प्रश्न पत्र छांटकर जिला स्तर से प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए थे। शासन के नियमों के अनुसार प्रश्न पत्र सील कर लिफाफा में बंद कर परीक्षा के आधे घंटे के पूर्व दो छात्रों के हस्ताक्षर के बाद ही ओपन करने का नियम है। परंतु जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली ने मनमानी पूर्वक 15 दिसंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा के प्रश्न पत्र को प्राचार्य शाला संकुल विकास खंड मुंगेली व्हाट्सएप ग्रुप में कक्षा वार पीडीएफ फाइल बनाकर 11 दिसम्बर को वायरल कर दिया। उक्त ग्रुप में लगभग 150 से अधिक शासकीय व अशासकीय कर्मचारियों के साथ विद्यालय के प्रभारी भी जुड़े है जिसके कारण परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में लापरवाही की गई और गोपनीयता भंग करने का कारनामा खुद जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सतीश पांडे ने किया है। विदित हो एक माह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने तिमाही परीक्षा का आयोजन एक दिन पूर्व ही मौखिक निर्देश देकर आनन फानन में परीक्षा आयोजित करवाया था।

> **गोपनीयता भंग करने का लगाया आरोप**
>
> व्हाट्सएप ग्रुप में प्रश्न पत्र हुआ वायरल गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छग ने जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली पर लगाया गोपनीयता भंग करने आरोप, संगठन के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सतीश पांडेय ने स्कूल शिक्षा विभाग छ ग शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करने की बजाय निजी एजेंडा को लागू करने नित नए प्रयोग से सभी प्रधान पाठक व प्राचार्य को प्रतिदिन मीटिंग या अन्य माध्यमों से दबाव बनाकर परेशान करते हैं। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी मुंगेली व सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन से तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

डीजीपी व पूर्व डीजीपी को हाईकोर्ट ने जारी किया अवमानना नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के आदेश अनुसार मामले पदोन्नति के मामले का निराकरण न करने पर डीजीपी व पूर्व डीजीपी को अवमानना नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, राजनांदगांव निवासी कमलेश दुर्ग आठवीं बटालियन, राजनांदगांव में पदस्थ हैं। नक्सली ऑपरेशन में शामिल होने के बाद बावजूद प्रमोशन नहीं मिलने पर उन्होंने याचिका प्रस्तुत की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने 60 दिवस के भीतर याचिकाकर्ता के मामले के निराकरण का निर्देश दिया था। आदेश का पालन नहीं होने से क्षुब्ध होकर कमलेश ने अवमानना याचिका दायर की। कोर्ट ने मामले में डीजीपी अशोक जुनेजा एवं पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

ईको लर्निंग सेंटर सैलानियों को कर रहा आकर्षित

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुधावा बांध क्षेत्र में 70 लाख रुपए की लागत से ईको लर्निंग सेंटर विकसित किया गया है, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 08 दिसम्बर को किया गया है और शुभारंभ के बाद पहली रविवार को ही यहां लगभग 150 से 200 पर्यटक पहुंचे तथा नौका विहार का आनंद लिया। ईको लर्निंग सेंटर का संचालन स्थानीय वन प्रबंधन समिति द्वारा किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए यहां 6-6 सीटर के दो बोट के अलावा एक जेटी तथा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराया गया है।

जनशताब्दी एक्सप्रेस की जगह पहुंची ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स, हड़बड़ाए यात्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। जोनल स्टेशन में सोमवार को जनशताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों को बेवजह परेशानी हुई। यह ट्रेन निर्धारित समय पर चल रही थी। जिसे देखते हुए प्लेटफार्म चार पर पहुंचने की सूचना डिसप्ले में दिखाने लगा। इसके साथ ही उद्घोषणा भी होने लगी। इस पर यात्री तैयार हो गए। अचानक डिसप्ले बंद हुआ और एक बाद ही हावड़ा- मुंबई ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स पहुंच गई। जनशताब्दी को आउटर पर रोक दी गई। जिसके चलते यात्रियों को परेशानी हुई और वे गंतव्य पर आधे घंटे विलंब से पहुंचे। रायगढ़- गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस का बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह 8:35 बजे हैं। सोमवार को यह तय समय पर चल रही थी। जिसकी जानकारी लगातार डिस्प्ले बोर्ड में भी आ रही थी। डिस्प्ले में प्लेटफार्म चार पर आने की जानकारी भी दी गई। लिहाजा जिन यात्रियों को सफर करना था वे प्लेटफार्म पर खड़े होकर सफर करने के लिए तैयार हो गए। लेकिन अचानक डिस्प्ले बोर्ड बंद हो गया। यात्रियों ने इसे नजर अंदाज किया और वे यही समझ रहे थे कि ट्रेन पहुंचने ही वाली थी। पर अचानक बोर्ड चालू हुआ और बामुश्किल एक मिनट के भीतर प्लेटफार्म पर जनशताब्दी की जगह ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स ट्रेन पहुंच गई। जिसे देखकर यात्री हैरान रह गए । उन्हें माजरा समझ ही नहीं आया। हालांकि बाद यह स्पष्ट हो गया कि जनशताब्दी समय पर चल रही थी। लेकिन ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स को पहले रवाना करने के लिए उसे आउटर पर रोक दी गई। इससे यात्री नाराज भी हुए। ज्ञानेश्वरी के प्लेटफार्म से रवाना होने के बाद जनशताब्दी पहुंची। इस अव्यवस्था के चलते ट्रेन करीब आधे प्रभावित हुई। इसका असर पर बिलासपुर के बाद के सभी स्टेशनों में दिखा।

जिला पुनर्वास समिति की बैठक 16 दिसम्बर को

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के डंकिनी सभाकक्ष में जिला पुनर्वास समिति की बैठक 16 दिसंबर 2021 को आयोजित जायेगी। जिसमें नक्सली पीड़ित व्यक्तियों/परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित कार्ययोजना को कार्यान्वित करने समीक्षा की जाएगी।

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that Partnership firm M/s. "HIRA MOTORS" NEAR ALLAHABAD BANK G.E. ROAD MAIN ROAD, TELIBANDHA DIST. RAIPUR (C.G) having Registration No. 22220202 1214 has undergone changes by which has MR. KAILASH BAJAJ S/O CHATAN DAS BAJAJ & MRS. RITU BAJAJ W/O KAILASH BAJAJ is Retiring from the Partnership Wef. 01/04/2019 without any objection of old partners MR. SUMIT MARWAH S/O RADHA RAMAN MARWAH & NAMITA MARWAH W/O SUMIT MARWAH Hence above all Two partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on **23/07/2021**

SUMIT MARWAH
for, M/s "HIRA MOTORS"
(Partner)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 331/2021-22
वार्ड का नाम- श.हेमू कालाणी-28

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कालाणी 28 स्थित मकान/ भूमि 35/1053 पारस नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री मो. अली व. अब्बास अली के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सलमा शाहिन पुत्री मो. अली ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

सरपंच की हत्या से लोग आक्रोशित, सड़क पर शव रखकर किया आंदोलन

जांजगीर। जांजगीर में सरपंच द्वारिका प्रसाद चंद्रा (50 साल) की हत्या को लेकर लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों और परिजनों ने 20 घंटे से सक्ती-छपोरा मार्ग जाम कर रखा है। सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर पुलिस मौजूद है, लेकिन ग्रामीणों के गुस्से को देख उन्होंने दूरी बना रखी है। दबंगों ने रविवार को लाठी-डंडों से पीट-पीट कर सरपंच की हत्या कर दी थी। सरपंच सरकारी जमीन पर कब्जे का विरोध कर रहे थे। सरपंच संघ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मालखरौदा क्षेत्र के वीर भाठा चौक पर ट्रैक्टर खड़ा कर रास्ता बंद कर दिया है। इसके साथ ही

बीच चौक पर त्रिपाल लगाकर सड़क पर शव रखकर बैठे हुए हैं। रविवार दोपहर करीब 2 बजे से ग्रामीण वहीं प्रदर्शन कर रहे हैं। ठंड होने के बावजूद सारी रात ग्रामीण डटे रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के चलते सरपंच की जान गई है। घटना के दौरान पुलिस आई थी, लेकिन कार्रवाई किए बिना लौट गई। इस बीच बताया जा रहा है कि सरपंच की हत्या में शामिल 3 आरोपियों ने देर रात पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इसको लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लोग बाते करते हुए सरेंडर करने की बात कह रहे हैं। इस वीडियो में दिख रहे लोगों को ही हत्यारोपी बताया जा रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं है। पुलिस अफसर भी इस संबंध में फिलहाल कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

गांव की सरकारी जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर चार अतिक्रमणकारियों ने पिछले साल सरपंच द्वारिका चंद्रा पर जानलेवा हमला किया था। पिछली बार तो उसकी जान बची गई। तब आरोपियों के खिलाफ सरपंच की हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। अभी आरोपी जमानत पर हैं। उन्हीं आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर दूसरी बार सरपंच पर हमला किया। इस बार सरपंच बच नहीं सका और उसकी हत्या हो गई। मालखरौदा क्षेत्र के भुतहा गांव में कुछ दबंगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है। उस पर फसल भी लगा दी है। इसकी शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग ने नोटिस जारी किया था। साथ ही फसल कटवा कर शासन के सुपुर्द करने की जिम्मेदारी सरपंच द्वारिका प्रसाद चंद्रा को सौंपी थी। यह कार्रवाई सोमवार को की जानी थी। इससे एक दिन पहले ही दबंग फसल कटवाने पहुंच गए। सरपंच ने आपत्ति जताई तो उनकी पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।

AXIS BANK एक्सिस बैंक लिमि.
असेट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स,
नया बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर-492004
नियंत्रण कार्यालय: एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग कंपाउंड, पांडूरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम के नियम 8(6) के भाव निहित हैं, अचल व चल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

इस नोटिस के जरिए आम जनता व कर्जदारों/गारंटरों को खास तौर पर सूचित किया जाता है सुरक्षित लेनदार की ओर गिरवी/प्रभारित रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति का रचनात्मक व प्रतिकात्मक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने अधिपत्य में ले लिया है। और अब इसकी बिक्री 18.01.2022 को **'जैसा है जहां है'**, **'जो है जैसा है'** एवं **'जो भी है'** के आधार पर होगी, ताकि **18,99,150/- रुपए** के कर्ज की वसूली ब्याज, अधिभार व अन्य व्ययों के साथ की जा सके। यह राशि **श्री विजय खेमनानी पिता गिरधरलाल खेमनानी, श्रीमती पूजा खेमनानी पति श्री विजय खेमनानी** की ओर से सुरक्षित लेनदार को देय है। यह राशि **04.07.2018** तक की स्थिति में बकाया है। संपत्ति आरक्षित मूल्य :- **3758325/- रू.** है। और इसके लिए जमा की जाने वाली अग्रिम राशि **375833/- रू.** होगी।

खाता सं.	बिक्री के लिए निकाली गई कब्जा की गई गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का स्थान व ब्योरा (जो कुछ भी उचित हो)	बैंक को इस प्रापर्टी पर ऋणभार संबंधी कोई जानकारी
LPR013901093762	1345.5 वर्गफुट क्षेत्रफल वाली आवासीय संपत्ति का वह सब भाग व खण्ड प्लाट नं. 6/11, म.नं. 43/15 पुराना ब्लाक नं. 40, प.ह.नं. 106 (ए), महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड क्र. 61, मोहल्ला कुकरीपारा लाखेनगर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) **भूमि की सीमाएं :-** उत्तर- अशोक कुमार का मकान दक्षिण- गली, पूर्व- कमलेश कुमार का मकान, पश्चिम- वजीर मल का मकान	बैंक की जानकारी के मुताबिक संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है।

बिक्री संबंधी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट- https://www.axisbank.com/auction.notices

दिनांक : 14.12.2021
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 330/2021-22
वार्ड का नाम- श.हेमू कालाणी-28

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कालाणी 28 स्थित मकान/ भूमि 35/1054 पारस नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री मो. अली व. अब्बास अली के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सलमा शाहिन पुत्री मो. अली ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

फोर्स एकेडमी के छात्रों ने एसपी के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रथम दिवस स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा के साथ, दूसरो दिन जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल महत्व के स्थल भोरमदेव प्राचीन मंदिर परिसर, गार्डन और एंट्री गेट से मंदिर तक और तीसरे दिन पुराना पुलिस लाइन फोर्स एकेडमी परिसर के आसपास सफाई कर, प्लास्टिक डिस्पोज कर साफ-सफाई किया गया। इस दौरान भोरमदेव में अंग्रेजी के लेखक वाईके तिवारी का अंग्रेजी कम्युनिकेशन पुस्तक का विमोचन एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर, उप पुलिस पनिकराम कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक अजित ओगरे, आरआई नरगिस तिग्गा बघेल, थाना प्रभारी बोड़ला रमाकांत तिवारी, भोरमदेव थाना प्रभारी मूलचंद पटले, ट्रेनर प्रधान

आरक्षक वसीम रजा कुरैशी, आरक्षक दशरथ साहू सहित छात्रों ने स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग दिया। एसपी ने फोर्स एकेडमी के छात्रों को बताया कि स्वच्छता अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को साथ जोड़कर उन्हे सकारात्मक तरीके से ग्रामीण क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। हमें आपसी मतभेद भुलाकर मिलजुल कर स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है। कचरा, गन्दगी फैलाना व वातावरण को दूषित करना आदि अनेक समस्याएं है। हम अज्ञानता के कारण अनेक जानलेवा बीमारियों को बढ़ावा देते है जिसका दुष्प्रभाव हम सभी पर पड़ता है। एसपी ने बताया कि अब फोर्स एकेडमी के अंतर्गत अलग से लाइब्रेरी की सुविधा भी प्रदान की जायेगी जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा के पुस्तकों का संग्रह एवं सभी प्रकार के समाचार पत्र उपलब्ध होंगे। यह सभी प्रकार की सुविधा छात्रों के लिए पूर्णतः निःशुल्क होगा। छात्रों से पुलिस अधीक्षक ने आव्हान किया कि आज समय आ गया है कि हम समय के साथ बढ़ते हुए एक सभ्य समाज का निर्माण करे और अपने आसपास गन्दगी न फैलाएं और न फैलने दें। हमें एक दूसरे की भावना का आदर करना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी देनी चाहिए।

एजुकेशन फाउंडेशन का प्रशिक्षण संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा और युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देकर प्लेसमेंट दिलाने वाले देश के सबसे अग्रणी स्वयंसेवी संस्था है पिछले दिनों रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम बनरसी में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के आर पी एल प्रोग्राम के अंतर्गत राजमिस्त्रियों के कौशल वृद्धि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें से प्रशिक्षित 45 राजमिस्त्री एवं 8 इलेक्ट्रिशियन को ग्राम बनरसी स्थित कर्मा भवन में प्रमाण पत्र वितरित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत आरंग के सदस्य श्री योगेंद्र याद साहू उपस्थित रहे साथ ही सेक्टरअध्यक्ष कुलदीपक वर्मा, सरपंच श्री लखन लाल साहू, पंचायत सचिव श्री रोहित कुमार साहू, गौठान अध्यक्ष श्री खिलावन धीवर, ग्राम सभा समिति के संचालक श्री अवध राम साहू, खेलू राम साहू, ईश्वर पटेल आदि के साथ आर पी एल स्टेट कोऑर्डिनेटर श्री दिनेश सारथी जी, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर श्री मुरारी लाल साहू, मेंटर धन्ना लाल साहू एवं ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रहे कार्यक्रम कार्यक्रम में आर पी एल टीम की ओर से श्री सारथी जी द्वारा फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण जैसे यूथनेट, यूथ प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, मैकेनिक, प्लंबर, हॉस्पिटैलिटी, सहायक नर्सिंग, ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षण के साथ महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा किया गया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सभी प्रकार के प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का आगे आने की बात कही गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि महिलाओं को भी पुरुषों के समान कार्य करने का अधिकार मिलना चाहिए और उन्हें अपने आप में आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलना चाहिए पंचायत सचिव रोहित साहू ने प्रमाण पत्र की महत्ता व उनके लाभ के बारे में जानकारी दिया अंत में सभी अतिथियों ने प्रशिक्षित समस्त राजमिस्त्री एवं इलेक्ट्रीशियन को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए

बूस्टर डोज को लेकर मंत्री सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया को दोबारा लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया को आज दोबारा पत्र लिखा है। उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के टीकाकरण के लिए भी केंद्रीय मंत्री मंडाविया से आग्रह किया है।

मंत्री सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को विगत 23 नवम्बर को लिखे पत्र को संदर्भित करते हुए अनुरोध किया है कि वर्तमान में कोरोना की तीसरी लहर और ओमिक्रॉन की उपस्थिति के बाद बूस्टर डोज एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वैक्सीन लगाना बहुत आवश्यक प्रतीत होने लगा है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे लगातार शोधों में यह बातें प्रारंभिक तौर पर आ रही है कि नए

वेरिएंट के फैलने की गति डेल्टा वेरिएंट से कम से कम 2-3 गुना ज्यादा है और व्यक्ति से व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा संक्रमित करने की संभावना भी दोगुना ज्यादा है।

अंतरराष्ट्रीय शोध में यह बात भी सामने आ रही है कि ओमिक्रॉन से प्रभावित लोगों में कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद उनमें विद्यमान एंटीबॉडी संक्रमण को रोकने में पूरी तरह सफल नहीं हो रहा है। इस कारण बूस्टर डोज लगाना अति आवश्यक प्रतीत हो रहा है। बूस्टर डोज का प्रभाव काफी सकारात्मक है और इससे प्रतिरोधक क्षमता 70-75 प्रतिशत बढ़ रही है।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने पत्र में लिखा है कि वैक्सीन की दोनों डोज लेने के बाद भी लोग ओमिक्रॉन से संक्रमित होते देखे जा रहे हैं। यह भी देखा जा रहा है कि युवाओं और बच्चों में इसका संक्रमण ज्यादा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शोध के प्रारंभिक परिणामों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों से अविलंब राय लेकर शुरुआती तौर पर स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स, 60 वर्ष से अधिक के लोगों तथा कोमॉरबिडिटी (Co-morbidities) वाले लोगों को बूस्टर डोज लगाने का आग्रह किया है। मंत्री सिंहदेव ने वैज्ञानिकों की सलाह के मुताबिक 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों के टीकाकरण के संबंध में भी जल्द से जल्द समुचित निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

विधि विधान से स्थापित की शनिदेव की प्रतिमा

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा में बड़े ही हर्षोल्लास से शनि देव की मूर्ति स्थापित की गई। शनिवार के पावन अवसर में शनि देव की विधि विधान से मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कराकर शनिदेव की मूर्ति को स्थापित कराया गया। यह मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम आयोजक मां शीतला सेवा समिति और समस्त नगरवासियों द्वारा स्थापति की गई। मूर्ति स्थापना से नगर वासियों में बड़ी आस्था और उमंग नजर आया। मां खरोरा सीतला मन्दिर प्रांगण में आचार्य शशांक शुक्ला और आचार्य हिमांशु के द्वारा भगवान शनि देव के प्रतिष्ठा सरसों तेल से अभिषेक और विधि मंडल देवता पूजन और संपूर्ण देवी देवताओं का हवन बड़े ही धूमधाम से सभी ग्राम के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मूर्ति स्थापना के बाद भव्य प्रसादी और शनि चालीसा का पाठ और शनि चालीसा का वितरण हुआ।

जनदर्शन कार्यक्रम कर डुमरडीहकला लोगों को जागरूक किया गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश पुरिया के नेतृत्व में ग्राम डुमरडीहकला पुलिस जनदर्शन जिला राजनांदगांव आपके पुलिस आपके द्वार के तहत ग्राम डुमरडीहकला में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 दिवसीय कैम्प में आज सायबर क्राईम से संबंधित अपराध, पॉक्सो, घरेलू हिंसा, यातायात अधिनियम एवं टोनही प्रताडना एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों एवं लोगों को जागरूक किया गया। उक्त कैंप शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह द्वारा आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में प्रचार्य आलोक मिश्रा, एलसी सिन्हा, सीएस राठौर, शकुंतला देवांगन महिला बाल विकास एवं थाना प्रभारी सतीश पुरिया, सउनि के. राय, प्रधान आरक्षक रमेश कोरेटी, आरक्षक सुरेन्द्र सिन्हा, बृजेश साहू, नरेश कुमार चंद्रा अनमोल वैष्णव, बिसाहू यादव, महिला आरक्षक सत्यभामा ठाकुर एवं थाना ठेलकाडीह स्टाफ की सहरानीय भूमिका रही।

राज्य सरकार का विस सत्र के दौरान बड़ा फैसला, मिनी राइस मिल खरीदी मामले में कृषि उप संचालक निलंबित

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने गरियाबंद कृषि उपसंचालक फगुराम कश्यप को मिनी राइस मिल खरीदी मामले पर निलंबित कर दिया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण और जैव प्रद्योगिकी विभाग के अवर सचिव हेमिन बाघ ने आदेश जारी किया है। निलंबन के दौरान उपसंचालक कश्यप कृषि संचनालय, नया रायपुर में सलंग्न रहेंगे। दरअसल, हरित क्रांति योजना के तहत लगभग 35 लाख की मिनी राइस मिल खरीदी नियम विरुद्ध किये जाने के कारण ये कार्रवाई हुई है। उपसंचालक फगुराम कश्यप को बीज निगम के नए नियम के तहत मिनी राइस मिल की खरीदी किया जाना था। लेकिन इसे स्थानीय डीलर से ख़रीदा गया। जिससे शासन को नुकसान उठाना पड़ा।

गौरतलब है कि बीते माह राजिम विधायक अमितेष शुक्ल ने मामले की शिकायत कृषि संचालक से किया था। एक माह बीत जाने के बाद भी जब कोई कार्रवाई विभाग ने नहीं किया तो विधायक शुक्ल ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मामले को ध्यानाकर्षण में रखा। हालांकि सत्र के पहले दिन दिवंगतों श्रद्धंजलि देने के बाद सत्र मंगलवार तक के लिए स्थगित हो गया। बावजूद इसके सरकार ने संज्ञान लेते हुए जवाब देने से पहले ही उपसंचालक पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित करने आदेश जारी कर दिया।

माकरी में आयोजित किया गया जल संरक्षण के ऊपर नुक्कड नाटक

कवर्धा/नवप्रदेश। नेहरू युवा केन्द्र छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में चारो ब्लॉक में कैच द रैन के अंतर्गत नुक्कड नाटक जल संरक्षण के ऊपर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जल संरक्षण के बारे में बताया गया कि जल का सही तरीके से कैसे उपयोग करना चाहिए एवं जल को आज बचाओगे तो कल जल आपको बचाएगा और संस्कृति कार्यक्रम बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पंडरिया ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक लैनदास मोहले, कुलेश्वर निर्मलकर तथा पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक पुरषोतम निर्मलकर, रिसपाल भास्कर, देवप्रसाद मनहर व इस कार्यक्रम में ग्राम माकरी के सरपंच राम कुमार रॉय, उपसरपंच भारत एवं कुंडा, रापा माकरी के सभी युवा साथी उपस्थित थे।

खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

खरोरा/नवप्रदेश। ओलंपिक संघ छत्तीसगढ बलौदा बाजार एवं अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी के सौजन्य से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय एथलीट्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में सेंचुरी सीमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल से प्रिंस विश्वकर्मा, वायएस वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बांबरा अध्यक्ष ओलंपिक संघ छत्तीसगढ़, एसएसपी दीपक झा एवं अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा प्रिंस विश्वकर्मा को सर्टिफिकेट के साथ मोमेंटो, ट्रेकशूट, रनिंग शू देकर सम्मानित किया।

शीतकालीन सत्र का...

अनुरागी, राजिन्दरपाल सिंह भाटिया, युद्धवीर सिंह जूदेव, मूलचंद खंडेलवाल और मनुराम कच्छ को सदन में श्रद्धांजलि दी गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह, पूर्व सांसद गोंदिल प्रसाद अनुरागी, पूर्व मंत्री राजिंदर पाल सिंह भाटिया, पूर्व संसदीय सचिव युद्धवीर सिंह जूदेव, अविभाजित मध्य प्रदेश में मंत्री रहे मूलचंद खंडेलवाल और अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक रहे मनुराम कच्छ के निधन का उल्लेख किया। इसके साथ ही स्पीकर ने 8 दिसंबर को हेलिकॉप्टर हादसे में शहीद हुए देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य सैन्य कर्मियों की सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देवव्रत सिंह से अपनी आत्मीयता का जिक्र करते हुए सभी दिवंगत नेताओं के साथ अपनी स्मृतियां सझा कीं। उनके मानवीय गुणों और क्षमताओं का उल्लेख किया। प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत सहित सैन्य अधिकारीयों के निधन को उन्होंने देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने श्रद्धांजलि व्यक्तव्य में गोंदिल प्रसाद अनुरागी, युद्धवीर सिंह जूदेव, राजिंदर पाल सिंह भाटिया और मूलचंद खंडेलवाल की स्मृतियों पर बात की। उन्होंने, जनरल बिपिन रावत को असाधरण वयक्तित्व बताते हुए उनके निधन को देश के लिए एक बड़ा नुकसान कहा। वहीं सभी दलों के विधायकों ने बारी-बारी से अपनी सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। दिवंगतों को श्रद्धंजलि देने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ.महंत ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

औरंगजेब आता है ...

भी जवाब देने आते हैं।

उन्होंने कहा कि काशी वह स्थान है, जहां जगदगुरु शंकराचार्य को डोमराजा की पवित्रता से प्रेरणा मिली। यहीं पर तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की थी और कबीरदास से लेकर रविदास तक की धरती यह काशी बनी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने यहां प्रेरणा पाई। जैसे काशी अनंत है, ऐसे ही उसका योगदान भी अनंत है। उन्होंने कहा कि काशी पर औरंगजेब ने अत्याचार किए। यहां मंदिर तोड़ा गया तो माता अहिल्याबाई होलकर ने इसका निर्माण कराया। उनकी जन्मभूमि महाराष्ट्र थी और इंदौर कर्मभूमि था। 250 साल पहले उन्होंने जो किया था, उसके बाद से अब जाकर यह बड़ा काम हुआ है। पूज्य नानकदेव जी काशी आए थे और महाराजा रणजीत सिंह ने 23 मन सोना दान किया था। यही भारत की एकता का सूत्र है।

छत्तीसगढ़ को एक और...

लोगों की हाइपरटेंशन, 4 लाख 87 हजार 640 लोगों की डाइबिटीज, 3 लाख 65 हजार 991 लोगों की मुख कैंसर, 1 लाख 62 हजार 992 लोगों का स्तन कैंसर एवं 1 लाख 15 हजार 476 लोगों में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई।

छत्तीसगढ़ के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 53 हजार 67 डिजिटल आईडी कार्ड बनाए गये हैं। वहीं मध्यप्रदेश में 43 हजार 953 और ओडिशा में 17 हजार 342 डिजिटल हेल्थ आई.डी. बनाए गए हैं।

रोगी की मेडिकल हिस्ट्री का पता मिलेगी तुरंतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि 16 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान राज्य के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में सामान्य स्क्रीनिंग के साथ-साथ कैंसर जैसी बीमारियों की भी स्क्रीनिंग की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान वहां विशेष अभियान के तहत डिजिटल हेल्थ आईडी भी बनाए गए। इस आईडी में मरीज की बीमारी और इलाज से संबंधित सभी तरह की जानकारियां दर्ज रहेंगी। इससे मरीज की मेडिकल हिस्ट्री का तुरंत पता लगाया जा सकता है।

बीजेपी की महिला ..

यह उनकी आवाज को दबाने के लिए किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत भारद्वाज द्वारा नौ दिसंबर को दिल्ली के मंडावली थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

पहली बार सऊदी अरब ...

जफर सरेशवाला ने कहा, 'मैं सऊदी अरब की सरकार के फैसले से सरप्राइजज हूं। तबलीगी जमात ने तो हमेशा अतिवादी विचारों का विरोध किया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)
(जल जीवन मिशन)
''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना''

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत निर्धारित डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा क्रमांक 89, 99,100,101, 102, 103, 104 दिनांक 30.11.2021 सिस्टम नंबर 88041, 88034, 88035, 88036, 88037, 88038, 88039, 88040 के लिए e-procurement (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 24.12.2021 है। निविदाओं की कुल लागत रु. **92.77** लाख है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 06.12.2021 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-65770/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार, बेरला
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-19 (3)/वर्ष 2021-22

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सं./सं.) संभाग साजा जिला बेमेतरा द्वारा पत्र क्रमांक 37-42/सामा./2962 साजा, दिनांक 07.10.2021 के माध्यम से ग्राम लावातरा (लेंजवारा) विकासखण्ड बेरला में सब-स्टेशन हेतु ग्राम- लावातरा (लेंजवारा) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1900 रकबा 14.00 हे. में से भूमि आबंटित करने हेतु मांग आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो वह दिनांक 25.12.2021 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2021 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बेरला, जिला-बेमेतरा

Government Polytechnic, Bhatapara (C.G.)
शासकीय पॉलीटेक्निक, भाटापारा (छ.ग.)
Main Road Decri, District Balodabazar-Bhatapara 493118 (C.G.) India
मेन रोड देवरी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा 493118 (छ.ग.) भारत
No./GPE/Store/Tender/2021/656 — Bhatapara, Date 08/12/2021

N0TICE INVITING TENDER

Sealed tenders are invited for the Partition Panel work (ACP - Aluminium Composite Panel sheet with Glass including door fitting work also) in the institute building of Government Polytechnic Bhatapara (C.G.). Interested bidders download bidding documents (Including terms & conditions) from the institute website: www.gpbhatapara.ac.in and the payment for which is through Demand Draft (DD) of Rs. 100/- (Rs. One Hundred Only) in favour of Principal Government Polytechnic, Bhatapara (C.G.) payable at Bhatapara has to be submitted along with the bid at the time of bid submission.

The sealed tender should reach on/or before 30/12/2021 up to by 02:00 PM and will be opened on the same day at 3:00 PM. Tender received after the prescribed date and time will not be accepted. The undersigned has all the rights pertaining to the tender.

Important dates of notice inviting tender :-

Date of issue of tender document:	09/12/2021
Last date and time of issue of tender document:	30/12/2021 upto 01:00 PM
Last date and time of submission of tender document:	30/12/2021 upto 02:00 PM
Bid opening date and time:	30/12/201 at 03:00 PM

Details of Tender work:

Details of work	Approximate Amount of work(in Rupees)	EMD-Earnest Money Deposit (in Rupees)
Partition Panel work	4,00,000.00/-	12,000.00/-

G-65798/3

Principal
Govt. Polytechnic, Bhatapara (C.G.)

केनरा बैंक Canara Bank — **शाखा: राजनांदगांव (छ.ग.)**

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिसंदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। [illegible]

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि
1.	श्रीमती के. जानकी राव (ऋणी), पति- के. लक्ष्मण राव एवं श्री के. लक्ष्मण राव (सह-ऋणी) पिता- के. भीमा राव	स्वामित्व- श्रीमती के. जानकी राव (ऋणी) पति- के. लक्ष्मण राव, मोहल्ला- [illegible], प.ह.नं. 44, वार्ड नं. 44, [illegible], खसरा नं. 496/10(क), 496/37, 496/94, कुल क्षेत्रफल- 812 वर्गफिट, सुषमा अपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, फ्लैट नं. ए/2, प्रथम तल में स्थित आवासीय फ्लैट। चौहद्दीः उत्तर- सड़क, दक्षिण- विक्रेता का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता का मकान।	₹ 24,33,788.44/- एवं उस पर ब्याज	07.04.2021; कब्जा सूचना तिथि 10.12.2021

दिनांक : 13.12.2021, स्थानः राजनांदगांव (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

रेलवे का कारनामा : 50 साल की मियाद वाला 'ओवरब्रिज' 3 साल में ही जर्जर

यातायात का भी दबाव नहीं, मामला भैसबोड में बने ब्रिज का

बालोद/नवप्रदेश। रेलवे के अंतर्गत आने वाले ठेकेदारों के द्वारा अलग-अलग जगहों पर ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। कुछ जगहों अंडर ब्रिज बनाए गए हैं तो कुछ स्थानों में ओवरब्रिज ताकि बिना फ ाटक वाले क्रासिंग पर हादसे रोके जा सकें तो वहीं जहां जरूरत नहीं है उन रेलवे क्रॉसिंग फाटक को बंद किया जा सके। इसी के तहत ग्राम भैंसबोड में यहां के रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने का फैसला किया गया था। लगभग 3 साल पहले बनाए गए इस ओवरब्रिज की गुणवत्ता महज चंद सालों में ही खराब निकली है। ब्रिज में ऊपर से ही दरार पड़ गई है। साथ ही ऊपरी हिस्सा धंसने लगा है। आश्चर्यजनक तो बात तो यह है कि इस मार्ग से उतना यातायात का दबाव नहीं है, लेकिन दो-तीन साल में ही ब्रिज की यह हालत होना निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी को उजागर करता है। यह ब्रिज आसपास के पहाड़ियों, ऊंचे स्थलों को काटकर बनाया गया है। ताकि आने जाने के लिए सीधा रास्ता बन सके। पर जंगलों के बीच हुए इस निर्माण में शायद संबंधित ठेकेदार और रेलवे के

इंजीनियरों ने नियमों को ताक पर रखकर निर्माण किया था। जिसकी पोल अब जाकर खोलने लगी है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों ने हमें इसकी तस्वीर साझा की है व अभी से ओवरब्रिज की इस बदहाली पर चिंता जताई है। अब तक रेलवे द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। देखते देखते ब्रिज का ऊपरी हिस्सा भी धंसने लगा है। इससे हादसे को भी न्योता दिया जा रहा है। यह ब्रिज बालोद जिला मुख्यालय को ग्राम भैंसबोड़ से जोड़ता है। जो कि डौंडीलोहारा ब्लॉक का गांव है। यहां रेलवे का एक छोटा स्टेशन भी है। इस गांव के लोगों ने रेलवे स्टॉपेज बनवाने के लिए श्रमदान कर रास्ता बनाया था। रेलवे स्टेशन में भी श्रमदान किया था। ग्रामीणों की श्रमदान से गांव का नाम काफी प्रख्यात हुआ। लेकिन रेलवे व ठेकेदारों ने घटिया काम करके यहां का नाम खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजा यही है कि ओवरब्रिज में दरार पड़ने लगी है। ऊपर से ही ब्रिज धंसने लगा है।

जिले का पहला रेलवे ओवरब्रिज

ये जिले का पहला 50 मीटर ओवरब्रिज है जिसे भैंसबोड़ व दैहान जंगल रेलवे फाटक के बीच में बनाया गया है। इसे बनाकर बालोद-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग से जोड़ा गया है। यह ओवरब्रिज फ ायदेमंद साबित होगा प्लानिंग कर इसे बनाया गया है। इसके बनने से वनांचल के अधिकांश गांव मुख्य मार्ग से जुड़ गए हैं फिर जिला व ब्लाक मुख्यालय आने की राह आसानी हुई है। रेलवे फाटक हमेशा के लिए बंद हो गया है। जिससे हादसे नहीं होते। ट्रेन ओवरब्रिज के नीचे से गुजरता है। पर निर्माण में धांधली अब सामने आ रही है।

30 से अधिक गांवों को सुविधा

भैसबोड़, गैंजी, बखलीटोला, सहगांव सुवरबोड़, बनगांव, गिधाली, मरकामटोला, झरनटोला, पोखलाटोला, जाटादाह, पिंगाल, बघमार, किल्लेकोड़ा, खोलझर, भिंदो, साल्हेटोला, मरईटोला, रुपुटोला, भंवरमरा, माटरी, दैहान सहित 30 से अधिक गांव के लोगों को इससे सुविधा मिलती है। लेकिन अभी से इस ओवरब्रिज की यह दुर्दशा होना यहां के ग्रामीणों के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है।

बीजेपी नेता ने स्टॉफ नर्स व मितानिनों का साल व श्रीफल देकर किया सम्मान

खरोरा/नवप्रदेश। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व केंद्रीय रेलवे बोर्ड के सदस्य डॉ. गुलाब सिंह टिकरिहा ने टीकाकरण के महाअभियान दिवस पर ग्राम रायखेड़ा व मुरा के स्वाथ्य कर्मी और मितानिनों का साल व श्रीफल से सम्मानित किया। इनमें प्रमुख रूप से ग्राम रायखेड़ा से दोगेन्द्र नायक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका तिल्दा,देवव्रत चंद्रवंसी भाजपा कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व सरपंच ठाकुर राम वर्मा, बुद्धेश्वर वर्मा जिला कार्यालय प्रभारी, सरपंच संतोष कुर्रे, मारुति नंदन वर्मा, कुसल दास उपस्थित थे। बीजेपी नेता ने पीडी कुर्रे, चांदनी पटेल, उर्मिला बंजारे, संबति वर्मा, सरोज वर्मा, दुकाला धीवर, प्रेमिन वर्मा, देवकी वर्मा, दुकालू वर्मा, उत्तम वर्मा, रानी वर्मा, ग्राम मुरा से जगदीश वर्मा, केंवरा वर्मा, भीखू राम साहू, परदेशी राम साहू उपस्थित हुए। ज्योति वर्मा, संध्या दुबे, हेमंत वर्मा, कुमारी रात्रे और रामेश्वरी वर्मा को सम्मानित किया गया।

जिले में अब तक 13 लाख 19 हजार क्विंटल धान की खरीदी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में 102 समितियों के 122 उपार्जन केन्द्रों में 145749 किसानों का 173089.50 रकबा का खरीदी का कार्य चल रहा है। अब तक जिले में समितियों में 1319000 क्विंटल धान दो सौ पचपन लाख रूपये की खरीदी कर ली गई है। खरीदी गई धान में से राईस मिलर द्वारा 95324.0 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। संग्रहण केन्द्र में 34078.0 क्विंटल धान उठाव कर भण्डारण कराया गया है। धान खरीदी में बारदानों की कोई कमी नही है। समितियों में अभी भी धान खरीदी हेतु 3683 गठान (1841500 नग) बारदाना उपलब्ध है। उपार्जन केन्द्रों में किसानों का पूरी सुविधा का ध्यान दिया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र स्तरीय नोडल अधिकारी के साथ साथ जिला स्तरीय नोडल के द्वारा भी धान उपार्जन कार्य में नियमित निरीक्षण एवं किसानों के सुविधा के सबंध में समझाइश दी जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी , जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभग के नोडल अधिकारी के द्वारा सतत् समीक्षा कर खरीदी को व्यवस्थित कराया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा भी नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों में जाकर किसानों से धान खरीदी पर चर्चा कर रहे है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पण से बालोद में गूंजा हर-हर महादेव

भाजपा ने आतिशबाजी, आरती वंदन, प्रसादी वितरण व कार्यक्रम का देखा सीधा प्रसारण

बालोद/नवप्रदेश। बाबा भोलेनाथ का काशी विश्वनाथ धाम अपनी पूर्ण गरिमा के साथ जनता को लोकार्पण के लिए सुसज्जित हुआ अवसर था। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रोच्चार शंख मृदंग के ध्वनि से पूर्ण विधि-विधान पूर्वक गंगा स्नान करते हुए गंगाजल काशी विश्वनाथ बाबा भोलेनाथ को अर्पित कर वैदिक पूजा-अर्चना पश्चात देशवासियों को परम वैभवशाली दिव्य काशी भव्य काशी को चरितार्थ करते हुए जनता को समर्पित किया। इस गौरवपूर्ण महा अनुष्ठान को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा जिला बालोद, शहर मंडल, ग्रामीण मंडल द्वारा पुराना बस स्टैंड शिव हनुमान मंदिर में वाराणसी काशी धाम में हो रहे लोकार्पण का प्रसारण बड़ी एलईडी के माध्यम से दिखाया गया। एक ओर धारा के विपरीत कल -कल बहती गंगा तो दूसरी और अपने विराट भव्यतम स्वरूप में सुसज्जित भगवान भोलेनाथ का काशी विश्वनाथ मंदिर में शोभा देखते ही बनती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प व करोड़ों धर्म प्रेमियों की आस्था से दिव्य काशी भव्य काशी ,काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का कार्य पूर्ण हुआ। बालोद शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड के शिव मंदिर में सीधा प्रसारण देखा गया। काशी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजा पश्चात लोकार्पण होने पर बालोद में शंख, घंटों की ध्वनि हर-हर महादेव के जयघोष से व आतिशबाजी से शहर गुंजायमान हो गया। भाजपा द्वारा इस अवसर पर धर्म प्रेमी आरडी दास, पंडित राधेश्याम शर्मा, पंडित दिनेश दुबे का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही इस गौरवशाली क्षण पर भगवान भोलेनाथ को हनुमान जी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए मंगल आरती के पश्चात प्रसादी व मिष्ठान वितरण कर भाजपा कार्यकर्ताओं व धर्मप्रेमियों ने खुशीया मनाई। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, दिव्या काशी भव्य काशी के संभागीय प्रभारी यशवंत जैन, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री पवन साहू, जिला उपाध्यक्ष राकेश छोटू यादव, जिला मंत्री शरद ठाकुर, वरिष्टजन लक्ष्मीचंद लूणीवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू एवं प्रेमलता साहू, दीपा साहू, कृतिका साहू, तोमन साहू, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र देशमुख, कमलेश सोनी, संतोष कौशिक, वीरेंद्र साहू, दानेश्वर मिश्रा, नरेंद्र सोनवानी, जगदीश देशमुख, पालक ठाकुर, लीला शर्मा, प्राची लालवानी, सरोज गंगबेर, सत्या गांवरे, मोहनी देवांगन, पूनम साहू, गंगाधर सोनबरसा, सुरेश टावरी, अमित चोपडा, लोकेश श्रीवास्तव, पंकज अहूजा, विक्रम लालवानी, संदीप साहू, संजय साहू, एकांत पवार, सुनील यादव, छगन साहू, शेखर वर्मा, बंटी बाफ ना, कानेकर, लोकेश साहू, गणेश शाव, अंबिका यादव, सुनीता मनहर, विनोद गिरि गोस्वामी, दानवीर साहू, संदीप सिन्हा, मणिकांत बघेल, बलराम गुप्ता, स्वाधीन जैन, सतानंद साहू, शेखर वर्मा, प्रीतम यादव, बालसिंह साहू, मोहन कलिहारी आदि उपस्थित रहे।

भूपेश सरकार में किसानों की चौतरफा लाभ से आय दुगुनी हुई : विनोद

देवभोग/नवप्रदेश। भूपेश सरकार ने देश की धड़कन माने जाने वाले किसानों को राज्य में सबसे ज्यादा प्राथमिकता दिया जा रहा है। किसानों की हर छोटी बड़ी समस्या का निराकरण समय सीमा के भीतर हो रहा। चाहे वह कर्जा माफी प्रोत्साहन राशि देने की बात हो या फि र जगह-जगह धान खरीदी केंद्र खोल कर किसानों को राहत देने की बात। शत प्रतिशत किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए कांग्रेस सरकार संकल्पित है। तभी किसान की फ सल को समर्थन मूल्य में खरीदने के अलावा राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों के खाते में पैसा डाला जा रहा है। उक्त बातें हाउसिंग बोर्ड सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस सह महामंत्री विनोद तिवारी ने बरबहेली नवीन धान खरीदी केंद्र के उद्घाटन अवसर पर कही।

उन्होंने आगे कहा कि भरवेली में धान खरीदी केंद्र खुलने से नवागांव गुड़भेली, बरबहेली के 300 से अधिक किसानों को 8 किलोमीटर का सफ र कर फ सल बेचने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। अब से किसान अपने ही गांव पर धान बेच सकते हैं। इसके अलावा गांव के 50 से अधिक बेरोजगार हेमालो को भी काम मिलेगा। ऐसे में किसानों के साथ-साथ लोगों को भी बाहर कमाने के लिए जाना नहीं पड़ेगा। भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि जब बीजेपी की सरकार थी तो किसानों को अपनी फ सल बेचने के लिए धक्का-मुक्की तक का सामना करना पड़ता रहा। लेकिन कांग्रेस सरकार में वाजिब दाम किसानों के मनसा अनुरूप जगह पर बेचने की सुविधा दी जा रही। इसी तरह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार बिना भेदभाव के लगातार बिंद्रा नवागढ़ क्षेत्र के लिए विकास कर रही है और इससे क्षेत्र की जनता भली-भांति अवगत है।

निकाली गई रैली : विनोद तिवारी के आने की जानकारी मिलते ही गांव-गांव से युवा बरबहेली में एकत्रित हुए और युवा कांग्रेस के प्रदेश सह सचिव उमेश डोंगरे के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली। गोहरापदर से करीब 4 किलोमीटर सैकड़ों बाइक के साथ रैली निकाली। इस बीच आतिशबाजी व पुष्पमाला के साथ जगह-जगह पर विनोद तिवारी का स्वागत भी हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दुर्गाचरण अवस्थी, जिला महामंत्री अरुण मिश्रा, धन सिंह मरकाम, जिला पंचायत सदस्य धनवती यादव, पुनीतराम सिन्हा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

तीन जिलों में आंशिक भूभागों में हेलिकॉप्टर वाहित भू-भौतिकीय सर्वेक्षण किया जा रहा



कवर्धा/नवप्रदेश। परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के लिए मेसर्स जियोटेक लिमिटेड, कनाडा द्वारा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, कबीरधाम एवं मुंगेली जिले के आंशिक भू-भागों में हेलिकॉप्टर बाहित भू-भौतिकीय सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य खनिज अन्वेषण के लिए अधोस्थलीय भू-वैज्ञानिक संरचनाओं के अध्ययन के लिए आंकड़ों को संग्रहीत करना है। इस सर्वेक्षण में विद्युत चुम्बकीय, चुम्बकीय एवं गामाकिरण स्पैक्ट्रोमीटर उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें एक उपकरण 26 मीटर व्यास लूप हेलिकॉप्टर से नीचे लटकता है तथा इस सर्वेक्षण में हेलिकॉप्टर भूतल से 60-80 मीटर की ऊँचाई पर उड़ता है। इस प्रकार के सर्वेक्षण देश के विभिन्न भू-भागों में नियमित रूप से किए जाते हैं जो आम जनता के लिए हानिकारक नहीं हैं। हेलिकॉप्टर से नीचे लटकते हुए लूप से आम जन को भ्रमित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह उपकरण वैज्ञानिक दृष्टि से डिज़ाइन किया गया है, जिसे नागर विमानन महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा उपयोग करने के लिए स्वीकृति दी गयी है। यह एक सुरक्षित एवं संरक्षित उपकरण है। जिसका संचालन दक्षता प्राप्त एवं अनुभवी पेशेवर व्यक्तियों द्वारा किया जाता है।

निर्वाचन कन्ट्रोल रूम स्थापित

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा नगर पंचायत मारो में आम निर्वाचन तथा थानखम्हरिया एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा में उप निर्वाचन 2021 हेतु जारी कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय बेमेतरा के अधीक्षक कक्ष क्रमांक 04 में जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम दूरभाष नं. 07824-222103 स्थापित किया गया है। जिसके प्रभारी अधीक्षक पवन सिंह परमार को नियुक्त किया गया है। कन्ट्रोल रूम में निर्वाचक संबंधित जानकारी एवं शिकायत की जा सकती है।

कोल्ड चैन हेन्डलर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिला टीकाकरण अधिकारी के अध्यक्षता में यूएनडीपी के सहयोग से जिले के समस्त कोल्ड चैन हेन्डलरों का प्रशिक्षण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशिक्षण सभाकक्ष में संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में नियमित टीकाकरण अंतर्गत प्रदान की जाने वाली समस्त वैक्सीन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान दी गई। साथ ही टीकाकरण अंतर्गत वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक की ऑनलाईन एन्ट्री ईविन के नये वर्जन के माध्यम से किये जाने हेतु बेमेतरा जिले के समस्त विकासखण्ड के कोल्ड चैन पाईन्टों में पदस्थ कोल्ड चैन हेन्डलर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार घोष, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, यूएनडीपी के प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ. तनु प्रिया, सतीश कुमार सेन व्हीसीसीएम, देवेन्द्र कुमार नामदेव सचिवीय सहायक टीकाकरण, लक्ष्मण देवांगन कोल्ड चैन टेक्निशियन एवं देवेन्द्र नामदेव जिला वैक्सीन स्टोर प्रबंधक उपस्थित थे।

व्यय लेखा रजिस्टर जांच हेतु तिथि निर्धारित

बेमेतरा/नवप्रदेश। छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन में पार्षद पद के अभ्यर्थियों के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है। नगर पलिका परिषद के पार्षद पद के अभ्यर्थियों के लिए 1.50 लाख रूपये तथा नगर पंचायत के पार्षद पद के अभ्यर्थियों के लिए 50 हजार रूपये की सीमा निर्धारित है। पार्षद पद के अभ्यर्थियों को निर्वाचन के दौरान दो बार व्यय लेखा रजिस्टर की जांच हेतु निर्वाचन व्यय संपरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। मारो नगर पंचायत में नियुक्त व्यय संपरीक्षक द्वारा प्रथम जांच 08 एवं 09 दिसम्बर को की गई एवं द्वितीय जांच के लिए 15 एवं 16 दिसम्बर 2021 की तिथि निर्धारित की गई है। बेमेतरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 05 एवं 11 के अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टरों की द्वितीय जांच 15 दिसम्बर को की जायेगी। इसी प्रकार नगर पंचायत थानखम्हरिया के वार्ड क्रमांक 11 के अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टर की प्रथम जांच हेतु 13 दिसम्बर एवं द्वितीय जांच के लिए 17 दिसम्बर 2021 की तिथि निर्धारित की गई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्रे.क्र.202111100500049
अ-20 (2)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 28.09.2019 के द्वारा छ.ग. नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में शिविर लगाकर अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्राप्त किए गए आवेदक/ आवेदिका दुर्जन मल्लाह नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा पट्टे की भूमि के नियमितीकरण हेतु आवेदन पेश किया है पट्टे का विवरण निम्नानुसार है -

पट्टेदार का नाम/पिता/पति का नाम- बलराम पि. बेचन, **निवासी वार्ड क्र. एवं नाम** वार्ड-12 डंगनिया कुम्हारी **क्षेत्रफल** 5X4/20 वर्गफीट।

उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. राजस्व धमधा से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.12.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.12.2021, सुनवाई 17.12.21

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्रे.क्र.202111100500069
अ-20 (2)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 28.09.2019 के द्वारा छ.ग. नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में शिविर लगाकर अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्राप्त किए गए आवेदक/ आवेदिका इन्द्रा ढीमर पति/पिता बिसेलाल ढीमर डंगनिया तालाब पार वार्ड-12 कुम्हारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा पट्टे की भूमि के नियमितीकरण हेतु आवेदन पेश किया है पट्टे का विवरण निम्नानुसार है -

पट्टेदार का नाम/पिता/पति का नाम- सुकलाबाई w/o चेतन आगर, **निवासी वार्ड क्र. एवं नाम** डंगनिया तालाबपार वार्ड 12 कुम्हारी **क्षेत्रफल** 16 वर्ग मी.।

उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. राजस्व धमधा से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.12.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.12.2021, सुनवाई 17.12.21

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्रे.क्र.202111100500093
अ-20 (2)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 28.09.2019 के द्वारा छ.ग. नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में शिविर लगाकर अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्राप्त किए गए आवेदक/ आवेदिका [illegible] द्वारा पट्टे की भूमि के नियमितीकरण हेतु आवेदन पेश किया है पट्टे का विवरण निम्नानुसार है -

पट्टेदार का नाम/पिता/पति का नाम- [illegible] **निवासी वार्ड क्र. एवं नाम** [illegible] **क्षेत्रफल** [illegible]

उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. राजस्व धमधा से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.12.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.12.2021, सुनवाई 17.12.21

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्रे.क्र.202111100500065
अ-20 (2)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 28.09.2019 के द्वारा छ.ग. नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में शिविर लगाकर अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्राप्त किए गए आवेदक/ आवेदिका [illegible] द्वारा पट्टे की भूमि के नियमितीकरण हेतु आवेदन पेश किया है पट्टे का विवरण निम्नानुसार है -

पट्टेदार का नाम/पिता/पति का नाम- [illegible] **निवासी वार्ड क्र. एवं नाम** [illegible] **क्षेत्रफल** [illegible]

उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. राजस्व धमधा से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.12.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.12.2021, सुनवाई 17.12.21

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्रे.क्र.202111100500069
अ-20 (2)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 28.09.2019 के द्वारा छ.ग. नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में शिविर लगाकर अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्राप्त किए गए आवेदक/ आवेदिका [illegible] द्वारा पट्टे की भूमि के नियमितीकरण हेतु आवेदन पेश किया है पट्टे का विवरण निम्नानुसार है -

पट्टेदार का नाम/पिता/पति का नाम- [illegible] **निवासी वार्ड क्र. एवं नाम** [illegible] **क्षेत्रफल** [illegible]

उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. राजस्व धमधा से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.12.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.12.2021, सुनवाई 17.12.21

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)
E-mail id: eemah-phe-cg@nic.in Telephone : 07723-223731
क्र./10359/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./2021 महासमुन्द दिनांक 04/12/21

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- महासमुन्द जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजनाओं के समस्त कार्य।

निविदा क्रमांक व दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3	4
397/04.12.2021	88159	ग्राम सोरम विकासखण्ड महासमुन्द	83.13
398/04.12.2021	88160	ग्राम नरतोरा विकासखण्ड महासमुन्द	95.81
399/04.12.2021	88161	ग्राम लभरा कला विकासखण्ड महासमुन्द	113.87
400/04.12.2021	88163	ग्राम उल्बा विकासखण्ड महासमुन्द	55.92
401/04.12.2021	88165	ग्राम मुरकी विकासखण्ड महासमुन्द	59.55
402/04.12.2021	88167	ग्राम गुडेलाभाठा विकासखण्ड महासमुन्द	67.59
403/04.12.2021	88169	ग्राम गोंगल विकासखण्ड महासमुन्द	57.76
404/04.12.2021	88170	ग्राम गुड़ियाडीह विकासखण्ड महासमुन्द	59.76
405/04.12.2021	88174	ग्राम उमरदा विकासखण्ड महासमुन्द	52.85
406/04.12.2021	88175	ग्राम परसदा विकासखण्ड महासमुन्द	88.53
407/04.12.2021	88176	ग्राम परसकोल विकासखण्ड महासमुन्द	60.43
408/04.12.2021	88177	ग्राम बकमा विकासखण्ड महासमुन्द	66.19
409/04.12.2021	88178	ग्राम मोरधा विकासखण्ड महासमुन्द	56.21
410/04.12.2021	88179	ग्राम भुरका विकासखण्ड महासमुन्द	51.43
411/04.12.2021	88180	ग्राम मोंगरा विकासखण्ड महासमुन्द	98.02
412/04.12.2021	88181	ग्राम जिवतरा विकासखण्ड महासमुन्द	74.40
413/04.12.2021	88182	ग्राम पचरी विकासखण्ड महासमुन्द	105.87
414/04.12.2021	88183	ग्राम लाफिनकला विकासखण्ड महासमुन्द	82.64

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 27.12.2021 सायं 5.30 बजे तक तथा निविदा खुलने का दिनांक 01.01.2022

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द

जी-65766/7

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)
E-mail id: eemah-phe-cg@nic.in Telephone :- 07723-223731

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय का निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 261 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा 86198), 274 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 86216), जी. नं. 64912 को शून्य निविदा तथा एकल हो जाने के कारण निरस्त किया जाता है। शीघ्र ही पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
महासमुन्द (छ.ग.)

जी-65759/3

कार्यालय प्रबंधक शासकीय/पशु बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया
जिला- गौरेला पेन्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

पशु नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय पशु/बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया, जिला-गौरेला पेन्ड्रा मरवाही छ.ग. के अनुपयोगी एवं छंटनीकृत पशुओं की नीलामी दिनांक 15 दिसंबर 2021 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे से किया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति जो छंटनीकृत पशुओं (गाय/बछड़े/बछिया एवं बकरे/बकरी) क्रय करना चाहते हैं, निर्धारित धरोहर राशि रुपये 500= (पांच सौ रुपए) नीलामी के पूर्व जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

असफल बोलीदार की धरोहर राशि नीलामी के पश्चात वापस कर दी जावेगी। अधिकतम बोली वाले सफल बोलीदार को पशु की नीलामी की पूरी राशि जमाकर उसी दिन पशु/पशुओं को ले जाना होगा।

पशुओं एवं नीलामी की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय अधोहस्ताक्षरी में संपर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक
शासकीय पशु/बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया
जिला-गौरेला पेन्ड्रा मरवाही (छ.ग.)
मो. नं. 9329886867

जी-65823/2

देश भर में मिला छत्तीसगढ़ मॉडल को सम्मान

हमारा हर पुरस्कार जनता के नाम

- लगातार तीसरे वर्ष देश के सबसे स्वच्छतम राज्य का अवॉर्ड
- सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज 2021 श्रेणी में बेस्ट स्टेट का खिताब छत्तीसगढ़ के नाम
- लघु वनोपजों के संग्रहण में मॉडल राज्य के रूप में उभरा छत्तीसगढ़, देश में सर्वाधिक 11 पुरस्कार
- सर्वाधिक खाधान्न उत्पादन के लिए छत्तीसगढ़ को मिला कृषि कर्मण पुरस्कार
- छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय ई-पंचायत पुरस्कारों में दूसरा स्थान
- प्रदेश की पंचायतों को लगातार तीसरे साल 11 राष्ट्रीय पुरस्कार
- मुख्यमंत्री दर्पण पोर्टल एवं मोबाईल एप को राष्ट्रीय पुरस्कार
- मनरेगा, आजीविका मिशन, आवास योजना और पीएमजीएसवाई में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले 22 पुरस्कार
- ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को 9 राष्ट्रीय पुरस्कार
- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बी.पी. मण्डल सामाजिक न्याय रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित
- छत्तीसगढ़, देश का प्रथम ओडीफ प्लस प्लस राज्य
- पोषण अभियान में उल्लेखनीय कार्य: छत्तीसगढ़ को मिले 5 राष्ट्रीय पुरस्कार
- मोर जमीन-मोर मकान में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार
- प्रदेश में वंचित वर्गों को न्याय दिलाने और इस दिशा में ऐतिहासिक फैसले लेने के लिए 'महात्मा फूले समता पुरस्कार'
- दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार
- जनपद पंचायत नगरी को मिला पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार आयुष्मान भारत,
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ को चार राष्ट्रीय पुरस्कार
- छत्तीसगढ़ को ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार
- राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड में छत्तीसगढ़ को मिले 12 पुरस्कार
- देश के 115 आकांक्षी जिलों में से दन्तेवाड़ा को सुपोषण अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मिला सिल्वर स्कॉच अवार्ड
- प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के क्रियान्वयन में पूरे देश में मिला द्वितीय पुरस्कार
- धान की दुर्लभ किस्मों के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ के आदर्श महिला समूह को पादप जीनोम सेवियर पुरस्कार
- केन्द्र सरकार ने बिलासपुर और सूरजपुर जिले को नेशनल वाटर अवार्ड के लिए किया चयनित
- लिंगानुपात में निरंतर वृद्धि के लिए रायगढ़ जिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रायगढ़ जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान
- स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बेहतर सुधार के फलस्वरूप कोण्डागांव जिला देश में प्रथम: ओवरऑल रैंकिंग में देश भर के महत्वाकांक्षी जिलों में मिला दूसरा स्थान
- पंचायत सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कांकेर जिला पुरस्कृत
- राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड 2021: कोण्डागांव को मिला पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार
- बिलासपुर जिले को पीएम किसान सम्मान निधि के श्रेष्ठ क्रियान्वयन के लिए मिला राष्ट्रीय अवार्ड
- कांकेर जिले को मिला स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार
- राजनांदगांव के ग्राम खुटेरी की जय मां दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित
- आजादी के 75 वें वर्ष हेतु जारी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्टोरीज में मिला स्थान
- कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग को ई-गवर्नेंस अवार्ड



संवाद : 30754